हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 12 मई 2026
[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]




समर्पित पत्रकारिता
जन-जन का विश्वास
सत्य, निष्पक्ष और निर्भीक
आपका साथ हमारी ताकत
निरंतर प्रगति की ओर
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25 वीं
वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शरद यादव
विधायक प्रतिनिधि
नगर पालिक निगम बिलासपुर
रौशन सिंह
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़



स्मार्ट सड़क पर नक्शे के विपरीत बन रहे मकान का काम निगम ने बंद कराया।

## खबर संक्षेप

### सिरगिट्टी में बिजली की समस्या, सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी क्षेत्र में लगातार बिजली बंद की परेशानी झेलनी पड़ रही है। अघोषित बिजली कटौती से जनता हलाकान हो चुकी है। विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण लोगों के घरों के टीवी, फ्रिज, कूलर, पंखे एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे है। इन समस्याओं को लेकर जोन कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया है। सिरगिट्टी में आए दिन बंद हो रही बिजली से लोगों की नींद उड़ा दी है, विद्युत विभाग को चेतावनी देते हुए लोगों ने जल्द से जल्द इस समस्या का निराकरण करने की बात कही है। अधिकारियों से मुलाकात कर अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की गई है। वहीं लोगों ने समस्या का निराकरण नहीं होने पर कार्यालय का घेराव एवं उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

### छग एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कन्फर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 11 मई से 19 मई तक तथा गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 13 मई से 21 मई तक उपलब्ध रहेगी।



### हो सकता था बड़ा हादसा

खास बात यह है कि यह सड़क सबसे व्यस्त सड़क में से एक है। जहां से तिलक नगर, बृहस्पति बाजार, तहसील और नेहरू चौक जाने का मार्ग है। शाम के समय पास के ही गार्डन में रोजाना सैर सपाटे के लिए लोग पहुंचते हैं। ऐसे में पेड़ के गिरने से किसी व्यक्ति के हताहत होने पर बड़ा हादसा हो सकता था। खास बात यह है कि बिना तेज हवा और बारिश के पेड़ गिर गया है। वहीं इसके करीब अशोक का पेड़ भी पोस्ट आफिस के कार्यालय में गिर गया है,पेड़ कार्यालय के छत से टिका गया जिससे हादसा होने से बच गया है।

### हड़कंप : पेड़ के नीचे दबी कार, कुछ को आई मामूली चोट

# पोस्ट आफिस परिसर में अचानक गिरा पेड़







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पोस्ट आफिस कार्यालय में उस समय हड़कंप मच गया, जब 40 साल पुराना पेड़ अचानक जमीन पर गिर गया। परिसर में लगे पेड़ के गिरने के बाद कार्यालय व सड़क पर अफरा तफरी मच गई, इस दौरान पेड़ की चपेट में आने से कार क्षतिग्रस्त हो गई और कुछ लोगों को मामूली चोट आई है।

तिलक नगर स्थित मेन पोस्ट आफिस कार्यालय में लगा विशालकाय नीम का पेड़ अचानक धराशायी हो गया। इस दौरान कार्यालय में अच्छी खासी भीड़ थी, वहीं बृहस्पति बाजार मुख्य सड़क पर भी भीड़ थी। पेड़ गिरने से कार्यालय परिसर में अफरा तफरी मच गई और लोग इधर उधर भागने लगे। इस दौरान पेड़ की छांव में खड़ी कार क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क पर गिर चुके पेड़ के कारण मुख्य सड़क पूरी तरह से बाधित हो गया इस दौरान सड़क पर लंबा जाम लग गया। शाम तक सिविल लाइन पुलिस ने मोर्चा संभाल और ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक पेड़ जस का तस सड़क पर ही पड़ा रहा। आसपास के लोगों ने बताया कि पेड़ गिरने से एक दो व्यक्तियों को मामूली चोट आई है, लेकिन किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिल रही है।

# खारंग जलाशय से पानी छूटते ही बंद हो चुके 241 हैंडपंप चालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के प्रभाव से जलस्तर गिरने के कारण जिले के पूरी तरह सूख चुके 241 हैंडपंप फिर से चालू हो चुके हैं। इसके पीछे प्रमुख कारण खारंग जलाशय से नहर में पानी छोड़ना है। सिंचाई विभाग द्वारा 25 अप्रैल से खारंग की नहरों में पानी छोड़ा गया है, जिससे तालाबों में निस्तारी के लिए जलभराव किया जा रहा है। तालाबों में पानी भरते ही सूखे हैंडपंप रिचार्ज होते ही फिर से पानी देने लगे हैं।

भीषण गर्मी के प्रभाव से पूरी तरह सूख चुके हैंडपंपों को खारंग जलाशय से नहरों में छोड़े गए पानी से पुनर्जीवन मिल गया है। सिंचाई एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में हैंडपंपों के सूखने की लगातार शिकायत मिल रही थी। इसी बीच सिंचाई विभाग द्वारा गांवों के तालाबों को निस्तारी के लिए जलभराव करने के उद्देश्य से 25 अप्रैल से खारंग की नहरों में पानी छोड़ा गया है। इधर पानी छोड़ने के बाद तालाबों में जलभराव होते ही बमुश्किल तीन से चार दिनों के भीतर ही हैंडपंपों में पानी आना प्रारंभ हो गया। आज की स्थिति में ऐसे हैंडपंपों की संख्या में बढ़ोतरी होते-होते 241 तक पहुंच चुकी है। वर्तमान में खारंग की नहरों में जलप्रवाह जारी है। ऐसे में पूरी संभावना है कि सूख चुके कई हैंडपंप फिर से पानी दे सकते हैं।



- 25 अप्रैल से खारंग की नहरों में छोड़ा गया है पानी
- तालाब के भरते ही रिचार्ज हो गए सूखे हैंडपंप

### 841 हैंडपंपों के हलक सूखे

भीषण गर्मी के प्रभाव से जिले में अब तक 841 हैंडपंपों के हलक सूख चुके हैं। बीते दिनों बिलासपुर जिले का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेंटीग्रेड तक चढ़ चुका था। इसी के प्रभाव से जलस्तर में लगातार आई गिरावट के कारण जिले के 841 हैंडपंपों का पानी पूरी तरह सूख गया। इसमें मस्तूरी व बिल्हा क्षेत्र के सर्वाधिक हैंडपंप शामिल हैं।

### जिले में 60 हजार से अधिक बोरवेल्स

पानी की अधिकाधिक चाहत के चलते बोर खनन में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। आज की स्थिति में जिले में बोरवेल्स की संख्या 60 हजार को भी पार कर चुकी है। इसके अंतर्गत करीब 35 हजार बोरवेल्स किसानों के हैं, जो कि सर्वाधिक हैं। इसी तरह 20 से 25 हजार बोरवेल्स शहरी क्षेत्रों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों के हैं। 9 हजार 250 बोरवेल्स लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के हैं। वर्तमान में बोरवेल्स की संख्या वैसे तो 60 हजार है, लेकिन इसमें लगातार प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही रही है।

### दिया जा रहा पानी

ग्रामीण क्षेत्रों से मिल रही सूचनाओं के अनुसार खारंग से नहरों में पानी छोड़ने के बाद सूख चुके हैंडपंपों में पानी आने लगा है। तालाबों में निस्तारी के लिए जलभराव के बाद हैंडपंप रिचार्ज होने के बाद पानी दे रहे हैं।

**- एमके चंद्रा,** ईई खारंग डिवीजन

### चालू हो गए हैं हैंडपंप

भीषण गर्मी के प्रभाव से जिले में 841 हैंडपंप पूरी तरह सूख चुके थे, लेकिन खारंग की नहरों में पानी छोड़ने व तालाबों में जलभराव के बाद जिले में करीब 241 हैंडपंप रिचार्ज होकर पानी देने लगे हैं।

**- मनोज धनंजय** ईई पीएचई







### 380 मेधावी विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और प्राचार्यों का किया सम्मान

# लोरमी ने शिक्षा के क्षेत्र में बनाई अलग पहचानः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक अरुण साव ने नगर के कबीर भवन में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, शिक्षकों का सम्मान किया।

श्री साव ने विकासखंड के 78 हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के 380 प्रतिभावान विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट सफलता के लिए सम्मानित किया। उन्होंने खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले 15 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का भी सम्मान किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों और खिलाड़ियों की सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर उन्होंने 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले 15 विद्यालयों के प्राचार्यों और स्वच्छ, सुंदर विद्यालय का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने वाले 3 विद्यालयों के प्राचार्यों को भी सम्मानित किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री साव ने कहा कि लोरमी ने शिक्षा जगत में पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। बोर्ड परीक्षा से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं तक यहां के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि सफलता मिलने पर कभी अहंकार नहीं करना चाहिए, क्योंकि हमारी सफलता में माता-पिता, परिवार और शिक्षकों का बड़ा योगदान होता है। शिक्षक राष्ट्र निर्माण का कार्य करते हैं और उनके मार्गदर्शन से ही छात्र सफल डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर एवं उद्यमी बनते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में सरकार का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। युवाओं को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोरमी नगर में 8.5 करोड़ रुपए की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है, जहां युवाओं को विश्व स्तरीय लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी। साथ ही खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया भी जारी है। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठा.भूपेंद्र सिंह, धनीराम यादव, गुरमीत सलूजा, विनय साहू, जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, रामेश्वर बंजारे, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, राजेंद्र साहू, लेखराज ठाकुर, राजेंद्र साहू, दिनेश कश्यप, रवि शर्मा, महाजन जायसवाल, अरुण ध्रुव, डॉ अशोक जायसवाल, संदीप सोनी, राजेंद्र साहू प्रदीप मिश्रा, राकेश दुबे, अंजनी देवी दास, संतोष साहू, अशोक साहू, घनेंद्र राजपूत, तामेश्वर साहू, विकास केशरवानी, अभिषेक पाठक, उत्तम साहू, पीयूष साहू, नारायण जायसवाल, हितेश सापरिया, मुकेश जायसवाल, मुकुल तिवारी, ललित राजपूत, संजय साहू, रघुवीर साहू , सुरेंद्र साहू, विजय निषाद, बाबूराम साहू, कोमल चंद्राकर, भुनेश्वर यादव, धन्नू पटेल , देवराज यादव, राजेन्द्र पाटकार, सुनील लहरे सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, पालक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

■ नालंदा परिसर से जगेगी ज्ञान की ज्योति

### 16 स्कूल के प्राचार्यों का सम्मान

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 10वीं में शत-प्रतिशत परिणाम लाने पर सुकली स्कूल के प्राचार्य राजकुमार ध्रुव, पथरीकापा के खेमलता कश्यप, मोहबन्धा केशव सिंह ध्रुव, गैंजी श्यामलाल पात्रे, सरगढ़ी के प्रवीण कुमार तंवर , बघमार के तेक सिंह राजपूत, घठोली के डीके निषाद, कोईलारी के पोषण साहू , लाखासार के राघुनंदन राजपूत , लगरा के अशोक राजपूत का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। 12वीं में शत-प्रतिशत रिजल्ट लाने पर एमजेडी इंग्लिश स्कूल लोरमी के प्राचार्य अरुण कुमार जायसवाल, मोहबन्धा के केशव ध्रुव , खुड़िया के शिवप्रसाद मरावी तथा स्वच्छ स्कूल में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कोतरी के प्राचार्य परमेश्वर खांडेकर , डोंगरिया के सुरेश कुमार शुक्ला , गोड़खाम्ही के जितेंद्र मोहारे को सम्मानित किया गया।

### खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री श्री साव ने विकासखंड लोरमी के खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर पदक जीतने पर सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। बॉक्सिंग खिलाड़ी अंकित राजपूत, दीप्ति राजपूत, निखिल सिंह राठौर, दुष्यंत साहू, नागेश्वर, युवराज, जलेश्वर महिलांगे और शतरंज खिलाड़ी यश शर्मा, सोमेश सिंह राजपूत, अंश केशरवानी का सम्मान किया। बेहतर प्रदर्शन के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# भागवत कथा के सातवें दिन मना कृष्ण जन्म, दही हांडी का उत्सव



**सिलदहा।** सेंधा निवासी केजू राम वर्मा के नगर पंचायत सरगांव स्थित निवास में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कृष्ण जन्म और दही हांडी का उत्सव मनाया गया।

5 से 13 मई तक आयोजित कथा में कथा व्यास ओम अंश दुबे महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया जा रहा है। सातवां दिन श्री कृष्ण जन्म उत्सव और दही हांडी उत्सव मनाया गया। भगवान की लीला के बारे में कथा व्यास महाराज द्वारा संगीत के माध्यम से श्रवण कराया जा रहा है। नगर पंचायत सरगांव के प्रमुख नागरिकों द्वारा बड़ी संख्या में श्रीमद् भागवत महापुराण का आनंद लिया जा रहा है। हर रोज कीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन किया जा रहा है। ग्राम चंदखुरी से महिला कीर्तन मंडली और साथियों द्वारा जस गायन किया गया। जिसमें कांता वर्मा, भोज वर्मा , रामकुमार कौशिक भाजपा नेता , पंकज वर्मा युवा नेता भाजपा, गनपत वर्मा , गजानंद वर्मा , टेकराम वर्मा, सुरेश वर्मा, बलराम वर्मा, बोधराम वर्मा, योगेंद्र वर्मा, अजय कश्यप, पूनम वर्मा, विनोद कौशिक और नगरवासी मौजूद रहे।

## दृढ़ निश्चय और सच्ची भक्ति से ईश्वर की प्राप्ति निश्चितः पं. रामकृष्ण



**बेलतरा।** कश्यप परिवार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का चौथे दिन व्यास पीठ से पंडित रामकृष्ण तिवारी ने भक्त ध्रुव की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भक्त ध्रुव की कथा सनातन धर्म में दृढ़ निश्चय, भक्ति और ईश्वर की कृपा की एक अद्भुत गाथा है। यह कथा बताती है कि कैसे 5 वर्ष के बालक ध्रुव ने अपनी सौतेली मां के अपमान से दुखी होकर, भगवान विष्णु की घोर तपस्या की और 'ध्रुव तारे' के रूप में अमरता प्राप्त की।

कथा में मुख्य यजमान लक्ष्मी छाया, संजय कश्यप, यजमान रजनी, बृजभूषण कश्यप हैं। कथा के दौरान रामकुमार कश्यप, सावित्री कश्यप, चंपा बाई, कुशल प्रसाद, अन्नपूर्णा कश्यप, अश्विनी कश्यप, पूर्णिमा कश्यप, राम अवतार कश्यप, ज्योतिष कश्यप, भास्कर लाल कश्यप, रामशरण कश्यप, राम रतन कौशिक, बसंत कौशिक, ज्योतिष कश्यप, राज भवन कश्यप, संतोष कुमार कश्यप, रामसनेही साहू, लवकुमार कश्यप, चंद्रभूषण कश्यप, महेंद्र कुमार पटेल, मणि शंकर मिश्रा, रोशन कुमार कश्यप, कुंती बाई कश्यप, रश्मि कश्यप, रूपाली कश्यप, पंकज आयुष कश्यप, हिमांशु कश्यप, बिसाहिन बाई कश्यप एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## जरहागांव में नौ दिनों तक गूंजा राम नाम, नवधा रामायण का विश्राम




**जरहागांव।** नगर पंचायत जरहागांव में 1 से 9 मई तक आयोजित नवधा रामायण महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे नौ दिनों तक नगर राममय बना रहा, जहां सुबह से लेकर रात्रि तक रामचरितमानस के मधुर पाठ, भजन-कीर्तन और प्रवचनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस भव्य आयोजन में नगरवासियों का विशेष सहयोग और उत्साह देखने को मिला। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। विभिन्न रामायण मंडलियों द्वारा प्रस्तुत की गई संगीतमय रामायण एवं भक्ति प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

# विरासत पर गर्व करने की प्रेरणा देता रहेगा सोमनाथ स्वाभिमान पर्वः कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव



जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आस्था के 1000 वर्ष कार्यक्रम का आयोजन मदकूद्वीप में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक रहे। कार्यक्रम में विधायक श्री कौशिक ने भगवान शिव का विधिवत रुद्राभिषेक कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के नाम उद्बोधन का भी सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम में मदकूदीप धाम के बाबा स्वामी रामरूप दास का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ। श्री कौशिक ने कहा कि यह दिव्य आयोजन भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा की अखंड शक्ति एवं गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। भगवान महादेव से प्रार्थना है कि वे सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें तथा समाज में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें। सोमनाथ मंदिर का इतिहास भारत की उस अमर आत्मा का इतिहास है, जो सदियों के संघर्षों के बाद भी कभी झुकी नहीं। पुनर्निर्माण के 75 वर्ष केवल एक मंदिर के पुनः स्थापित होने का उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय स्वाभिमान, सनातन संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक हैं।सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की उसी दिव्य परंपरा और सांस्कृतिक शक्ति का अभिनंदन है, जो विश्व को सदैव सत्य, श्रद्धा और संस्कार का मार्ग दिखाती रही है। यह पर्व हर भारतीय को अपनी विरासत पर गर्व करने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष चीतरेखा मनीष जांगड़े, जनपद उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक, जिला पंचायत सभापति अंबालिका साहू, भाजपा जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, हरिहर क्षेत्र समिति के अध्यक्ष जीवनलाल कौशिक, रामकुमार कौशिक, दिनेश जायसवाल, भेखचंद साहू, एसडीएम रेखा चंद्रा तहसीलदार अतुल वैष्णव सीईओ जनपद पंचायत पथरिया चंद्रशेखर कौशिक, कमलेश अग्रवाल, जमुना पांडे, शबाना जबीन, नारायण वर्मा, निरंजन वर्मा, निखिल कौशिक दुर्गेश वर्मा मदकूद्वीप सरपंच, रामेश्वर ठाकुर बासनी सरपंच सोहित साहू शांता दिवाकर, वीरेंद्र तिवारी, रोहित चक्रधारी मनीष अग्रवाल एवं नेतराम सोनवानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

■ बिल्हा विधायक ने मदकूद्वीप में किया रुद्राभिषेक

### जितेंद्र ने पंचायत को दान में दी जमीन

**तखतपुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंगरिया के आश्रित गांव देवरी निवासी जितेंद्र गवाही उम्र (51) ने अपनी 2 डिसमिल जमीन समाज के सरोकार के लिए पंचायत को दान की है। उन्होंने अपने गांव के लोगों के लिए पंचायत भवन बनाने के लिए 2 डिसमिल बेशकीमती जमीन सरकार के नाम कर दी, ताकि गांव के लोगों को समुचित सुविधा मिल सके। जितेंद्र गवाही ने बताया कि उनके पिता स्व चिंता राम का सपना था। जमीन दान किया जाए जिसमें गांव के लोगों के लिए भवन बनाया जाए जिससे गांव के लोगों के सुख दुख में काम आ सके। पूर्व में भी स्व चिंता राम गांव का सरपंच रह चुके हैं। वर्तमान सरपंच घनश्याम कश्यप ने बताया कि गांव के जितेंद्र गवाही ने 2 डिसमिल जमीन पंचायत को दान में दी है।

## राष्ट्र स्वाभिमान का अमर प्रतीक है सोमनाथ मंदिरः सुशांत



**मल्हार।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत मल्हार में गुजरात में स्थित सोमनाथ मंदिर भोलेनाथ के रूद्राभिषेक तथा मंदिर जीणोद्धार कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को मंगल भवन मल्हार में प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया।

जिला प्रशासन के इस कार्यक्रम में मल्हार क्षेत्र के जनता ने उत्साह व उमंग के साथ हिस्सा लिया। सोमनाथ मंदिर आस्था के अटूट विश्वास भारत के गौरवशाली इतिहास भारतीय संस्कृति तथा हमारे स्वाभिमान की गाथा को याद दिलाती है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेलतरा विधानसभा के विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सोमवार की सुबह 9 बजे मल्हार के प्राचीन मंदिर पातालेश्वर महादेव के रुद्राभिषेक करके मां डिडिनेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के लिए सुख में जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में सुशांत शुक्ला ने कहा कि आज ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी मल्हार स्थित आराध्या देव पातालेश्वर महादेव व मां डिडनेश्वरी मंदिर परिसर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की अटूट आस्था के 1000 वर्ष कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से हुए लाइव प्रसारण को श्रद्धापूर्वक सुनकर मन को अद्भुत शांति मिली। उन्होने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारत की सनातन संस्कृति, अडिग आस्था एवं राष्ट्र स्वाभिमान का अमर प्रतीक है। हजार वर्षों के संघर्ष, पुनर्निर्माण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की यह गाथा प्रत्येक भारतीय को अपनी विरासत पर गर्व करने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर एस कुमार, जिला मंत्री राजकुमार साहू, अजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्रप्रकाश सूर्या, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जागेंद्र कश्यप, खिलावन पटेल, जनपद पंचायत मस्तुरी के अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी, नगर पंचायत के अध्यक्ष धनेश्वरी धनेश्वर कैवर्त, कलेक्टर संजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर शिव बनर्जी, अनुविभागीय अधिकारी शिव कंवर, अतिरिक्त तहसीलदार चांदनी ध्रुव, नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनुभव सिंह, पार्षद आशुतोष वर्मा, सपना यादव, प्रमोद थवाईत, मिलुराम, मिथून , सहित सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि नागरिक व शासन प्रशासन के सभी अधिकारी व कर्मचारी मातृशक्ति उपस्थित रहे।

■ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का लाइव प्रसारण को देखने उमड़े मल्हारवासी

## निधन

### रामखेलवान कौशिक



**तखतपुर।** ग्राम गनियारी निवासी रामखेलावन कौशिक 70 वर्ष का 10 मई को निधन हो गया। वे संतोष शिव रामकुमार के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम गनियारी में किया गया।

### यशवंत कुमार थवाइत (दिलीप)



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर कुम्हारपारा निवासी यशवंत कुमार थवाइत (दिलीप) का 10 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 मई मंगलवार की सुबह 9 बजे उनके निज निवास कुम्हार पारा से दयालबंद मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सोनाली थवाइत, डॉली थवाईत, विवेक थवाइत, यश थवाइत के पिता एवं निनी थवाइत के पति थे।

### हीरालाल गुप्ता

**बिलासपुर।** कोटमी सोनार वाले हीरालाल गुप्ता का निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 12 मई को दयालबंद मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रूपेश, विजय गुप्ता के पिता एवं हेमंत, अविनाश, राज गुप्ता के दादा थे।

## सड़क किनारे से हटाया गया अतिक्रमण



**तखतपुर।** नगर में यातायात को सुगम बनाने स्थानीय प्रशासन की ओर से सड़क किनारे से बेजा कब्जा हटवाया गया। इस दौरान सुबह से ही लोग सड़कों पर जमे रहे।

तखतपुर वेलकम गेट से मनियारी पुल तक सड़क के दोनों ओर आवागमन को सुविधा जनक बनाने के लिए सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके लिए सड़क के दोनों ओर 37 फीट तक सड़क को रखा जाएगा और जिन व्यापारियों और व्यवसाइयों के द्वारा इस सीमा के अंदर कब्जा पाया गया उन सभी को पहले ही सूचित कर दिया गया था और उन्हें समय दिया गया था कि उस अवधि में अपना कब्जा और समान हटाकर व्यवस्थित कर लें अन्यथा प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाएगी। समय सीमा के बाद सुबह से ही एसडीएम पुलिस और नगर प्रशासन की टीम दिनभर मुस्तैद रही। बेजा कब्जा हटाने जेसीबी के साथ डटे हुए थे। जहां जहां कब्जा नहीं हटा था उन सभी को हटाया गया। बेजा कब्जा हट जाने के बाद नगर को व्यवस्थित और सुलभ आवागमन के लिए सड़क मिलेगी। बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई देखने के लिए पूरा नगर आज सड़क पर उपस्थित था और देखते रहे कि किस व्यवसायी की कितनी दुकान टूट रही है। इस दौरान एसडीएम नितिन तिवारी, तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला, नायब तहसीलदार ओपी चंद्रवंशी, सीएमओ अमरेश सिंह, थाना प्रभारी विवेक पाण्डेय सहित पूरा अमला डटा रहा।



स्थापना दिवस विशेष

# हरिभूमि जनता की आवाज़ बनकर 25 वर्षों से निरंतर सेवा में समर्पित है

































# फोरलेन सड़कों के निर्माण से मिलेगी नई पहचान

बात चाहे फोरलेन सड़क की हो या फिर गगनचुंबी इमारतों की, बिलासपुर शहर इस मामले में तेजी से आगे बढ़ता जा रहा है। शहर में 160 करोड़ की लागत से चार गरिमामय सड़कें व भवन बनाए जा रहे हैं, जो आगे चलकर निश्चित रूप से शहर की पहचान बनेंगे। लोक निर्माण विभाग द्वारा तारबाहर से गांधी चौक के बीच आकर्षक सड़क बनाई जा चुकी है, वहीं नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच फोरलेन सड़क निर्माणाधीन है। कोनी से मोपका के बीच शानदार फोरलेन सड़क का काम बारिश से पहले प्रारंभ हो जाएगा। इतना ही नहीं, बल्कि कोनी से पत्रकार कालोनी होते हुए अशोकनगर पानी टंकी तक एक और फोरलेन सड़क को भी बस मंजूरी मिलने ही वाली है। इसी तरह शहर के बीचोबीच गगनचुंबी जिला न्यायालय भवन अपने निर्माण के अंतिम चरणों में है।

## 160 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे कई फोरलेन, कुछ सड़कें बनकर तैयार, कुछ का काम युद्ध स्तर पर, गरिमामय जिला न्यायालय भवन भी पूर्णता की ओर

## 84 करोड़ की कोनी-मोपका फोरलेन 'जंक्शन' सड़क

कोनी से मोपका के बीच लोक निर्माण विभाग एक सर्व सुविधायुक्त फोरलेन सड़क बनाने जा रहा है। इस सड़क के टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, वहीं बारिश के पहले ही इसका निर्माण प्रारंभ किया जाना है। तेरह किलोमीटर लंबाई वाली इस सड़क को दस मीटर चौड़ाई में टू-लेन डामररोड बनाया जाना था, लेकिन स्थानीय विधायक सुशांत शुक्ला के प्रयासों से शासन ने इस सड़क को फोरलेन बनाने की मंजूरी प्रदान कर दी। वर्तमान में यह सड़क अब पंद्रह मीटर चौड़ाई में कांक्रीट फोरलेन बनाई जाएगी। इस सड़क पर कुछ नहर पुल सहित 35 व्हाइटनिंग पुलिया का निर्माण भी किया जाएगा। सड़क के बीच में आठ फीट चौड़ाई में डिवाइडर बनाए जाएंगे, जिसमें नॉमिनल प्लांटेशन भी किया जाना है। पूर्व में इस सड़क का निर्माण वर्ष 2010 में किया गया था, लेकिन तब से लेकर अब तक इस मार्ग पर यातायात के भारी दबाव के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। लोक निर्माण विभाग द्वारा अब इस फोरलेन सड़क का निर्माण अगले बीस वर्षों के यातायात दबाव को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इस सड़क की सबसे बड़ी खास बात यह होगी कि यह सड़क एक जंक्शन के रूप में काम करेगी। इस सड़क के बन जाने के बाद सीपतरोड सरकंडा वाली सड़क पर तो यातायात का दबाव व जाम की स्थिति कम होगी ही, वहीं बिरकोना, अशोक नगर, खमतराई व बहतराई वाली सड़कों की कनेक्टिविटी भी कोनी-मोपका फोरलेन से होगी, जिससे यह सड़क एक जंक्शन के रूप में काम करेगा।




## 30 करोड़ की लागत से बनाई जा रही नेहरू चौक-दर्रीघाट फोरलेन

लोक निर्माण विभाग के संभाग क्रमांक एक के द्वारा शहर के भीतर नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच तीस करोड़ रूपए की लागत से शानदार फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत डामरीकरण व रोड डिवाईडर का काम जारी है। यह सड़क पूर्व में नेशनल हाईवे कहलाती थी, जिसका वर्ष 2013 में लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरण करते हुए डामरीकरण किया गया था। चूंकि इसके निर्माण को काफी दिन हो चुके थे, जिससे यह कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने लगी थी। लोक निर्माण विभाग के प्रयासों व शासन के त्वरित सहयोग से इसे फोरलेन बनाने की मंजूरी प्रदान की गई है। वर्तमान में यह सड़क नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच साढ़े दस किलोमीटर की लंबाई व पंद्रह मीटर की चौड़ाई में बनाई जानी है। यह सड़क दो हिस्सों में बनाई जा रही हैं। पहला हिस्सा नेहरू चौक से लालखदान पुल तक शहर के भीतर 7 किलोमीटर का है, वहीं दूसरा हिस्सा लालखदान पुल से लेकर दर्रीघाट तक साढ़े तीन किलोमीटर का है। लालखदान के बाद इस सड़क का चौड़ीकरण भी किया जा रहा है। निर्माण के बाद प्रारंभ से अंत तक इस सड़क की चौड़ाई एक समान होकर पंद्रह मीटर हो जाएगी। इस सड़क के बीचोबीच रेलिंगयुक्त डिवाइडर भी बनाए जा रहे हैं, ताकि सड़क को न केवल खूबसूरत दिखाया जा सके, बल्कि आवागमन के दौरान वाहन चालकों को सामने की ओर से आ रहे वाहनों की तेज लाईट से बचाकर सुरक्षित यात्रा कराई जा सके।

## गगनचुंबी जिला न्यायालय भवन का निर्माण

लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर के भीतर ही शानदार, गरिमामय एवं गगनचुंबी जिला न्यायालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के नेशनल हाईवे संभाग कार्यालय के ठीक सामने जिला न्यायालय भवन का निर्माण अपने अंतिम चरणों में है। भवन का निर्माण रायपुर की कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है, जिसका वर्कआर्डर 26 दिसंबर 2022 को किया गया था। भवन का निर्माण वर्तमान में पूर्णता की ओर है। जिला न्यायालय भवन में पंद्रह कोर्ट रूम बनाए जा रहे हैं। इसी तरह विशाल पार्किंग, लायब्रेरी, अभियोजन रूम, कांफ्रेंस हॉल एव अधिवक्ता बार रूम भी तैयार किया जा रहा है।

## महानगर सा अहसास दिलाती गांधी चौक से तारबाहर रोड

लोक निर्माण विभाग द्वारा गांधी चौक से तारबाहर चौक तक एक छोटी, लेकिन बहुत ही खूबसूरत सड़क बनाई गई है, जो शहर को महानगर का रूप देने के लिए काफी है। 2 करोड़ 59 लाख रूपए की लागत से एक किलोमीटर लंबाई में इस सड़क का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। इस सड़क की खूबसूरती रात में नजर आती है, जब नीचे सड़क व रेलिंग पर लगाए गए रेडियम चमकते हैं, और ऊपर खंबों पर लगाई गई लाईट नीचे सड़क पर अपना प्रकाश बिखेरती है। रात में इस सड़क पर आवागमन एक अलग ही अनुभूति प्रदान करती है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस डामर सड़क पर साईन बोर्ड, डिवाइडर, रेडियम पट्टी, रोड मार्किंग एवं लाईट लगाई गई है।

## कोनी-पत्रकार कॉलोनी-अशोक नगर फोरलेन

स्थानीय विधायक सुशांत शुक्ला के प्रयासों से शहर को जल्द ही एक और फोरलेन सड़क मिल सकेगी। लोक निर्माण विभाग जल्द ही इस सड़क के लिए भी फोरलेन का प्रस्ताव शासन को भेजने की तैयारी कर रहा है। कोनी स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम के सामने से अशोक नगर पानीटंकी तक लगभग साढ़े तीन किलोमीटर की लंबाई में इस सड़क को आठ करोड़ की मंजूरी दी जा चुकी है। वर्तमान में क्षेत्रीय विधायक द्वारा इस सड़क को भी फोरलेन की मंजूरी दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। कोनी के जिस स्थान से यह सड़क प्रारंभ हो रही है, वहीं मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कैंसर हॉस्पिटल, प्रस्तावित सिम्स एवं विभिन्न विश्वविद्यालय स्थापित हैं। ऐसे में इस सड़क के फोरलेन हो जाने के बाद सीपत क्षेत्र के लोगों को सीधे कोनी पहुंचने में एवं कोनी क्षेत्र के लोगों को अशोक नगर सीपत रोड तक जाने में काफी सुविधा होगी।

### आवागमन का मूवमेंट बेहद सहज होगा

शहर के भीतर व बाहर बनाई जा रहीं फोरलेन सड़कों के निर्माण से आवागमन का मूवमेंट बेहद सहज हो जाएगा। जनता को काफी सहूलियत मिलेगी। बाईपास सड़कों के बन जाने के बाद बाहर से आने वाले वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश नहीं करना पड़ेगा। वे बाहर से ही बाईपास सड़कों का उपयोग कर गंतव्य की ओर प्रस्थान कर सकेंगे।

**- आरके रात्रे**
चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी

### दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आएगी

कोनी से मोपका फोरलेन एवं कोनी से पत्रकार कॉलोनी होते अशोक नगर के लिए प्रस्तावित फोरलेन सड़क के बनने के बाद शहर के भीतर पड़ने वाला ट्रेफिक का लोड काफी कम होगा। इससे दुर्घटनाओं की संख्या में भी काफी कमी आएगी।

**- सीएस विंध्यराज**
कार्यपालन अभियंता
पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1



# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं










खबर संक्षेप

## 3 लोगों पर चाकू से जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** एक बार फिर अपराधी बेखौफ होकर छोटी-छोटी बात पर चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। शहर में अलग-अलग घटनाओं में 3 लोगों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया है। पुलिस हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी अभय रात्रे पिता प्रदीप रात्रे 10 मई की रात 8 बजे दुकान जा रहे थे। रास्ते में पुराने विवाद को लेकर अमित जांगड़े, विक्की टण्डन उर्फ विकास, साहिल बघेल आए और अमित जांगड़े ने उन्हें पीछे से पकड़ लिया। साहिल बघेल ने चाकू से उनके पेट पर जानलेवा हमला कर दिया। उसके बाद विक्की टण्डन ने स्टील पाइप से मारा। उनका भाई विशाल डहरिया बीच बचाव करने आया तो तीनों ने दोनों भाईयों के साथ मारपीट की है। दूसरी घटना में कोनी बिरकोना निवासी विनोद श्रीवास पिता स्व. फिरतूराम 10 मई को सुबह 11 बजे हरसागरपार क्रिकेट मैच देखने गए थे। गांव का भंगु अवधेलिया आया और गाली देकर माचिस मांगा। नहीं है बोलने पर उसने विनोद श्रीवास के पीठ पर ईंट से मारा। मना करने पर भंगु ने जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर व हाथ पर चोट आई है। तीसरी घटना में सिरगिट्टी अन्नपूर्णा कालोनी निवासी सुमित खरे पिता स्व. प्रकाश खरे की बहन अपनी मर्जी से प्रियांशु बक्सेल से प्रेम विवाह किया है। 10 मई की रात 9.30 बजे वह अपने दोस्त डिकेश्वर राव के साथ कपड़ा खरीदकर दुकान से बाहर निकले। इसी दौरान प्रियांशु बक्सेल और पक्कू उर्फ विवेक यादव पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर दोनों ने जान से मारने की धमकी देते हुए सुमति खरे, उसके दोस्त डिकेश्वर राव के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया है। जिससे सुमित के चेहरे हाथ में वह डिकेश्वर के सीना, दाहिने हाथ की कलाई ,हथेली, पीठ में चोट आई है। पुलिस ने तीनों मामले में हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



## शिविर ने लौटाई सुखवारा बाई के चेहरे की मुस्कान

**बिलासपुर।** बिल्हा में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन तिहार शिविर में वार्ड क्रमांक 5 की सुखवारा बाई को बिजली बिल में बड़ी राहत मिली। लंबे समय से 78 हजार रुपए के भारी-भरकम बिजली बिल की बकाया राशि उनके लिए चिंता और परेशानी का कारण बनी हुई थी। मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत शिविर में उनके प्रकरण का त्वरित निराकरण करते हुए 22 हजार 672 रुपए की छूट प्रदान की गई। शिविर में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि थे। बिजली बिल में राहत की जानकारी मिलते ही सुखवारा बाई के चेहरे पर खुशी लौट आई। उन्होंने भावुक होकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं बिजली विभाग को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनकी समस्या का इतनी जल्दी समाधान हो जाएगा।

# मौसम परिवर्तन का दिखने लगा असर एक दिन में ही पहुंचे 19 सौ मरीज




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लगातार हो रहे मौसम परिवर्तन का असर सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, इस दौरान बारिश में भीगने और लू की चपेट में आने से लोगों को दोहरी मार पड़ रही है। जिससे लोगों को अस्पताल के चक्कर लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है। सिम्स में सोमवार की सुबह जबदस्त भीड़ रही, इस दौरान सुबह 9 बजे से 2 बजे के बीच 19 सौ से अधिक मरीजों ने

- स्किन और मेडिसीन विभाग में 600 से अधिक मरीज
- 120 मरीज हुए वार्डों में भर्ती

ओपीडी पंजीयन कराया। सबसे ज्यादा स्कीन और मेडिसिन विभाग में मरीज रहे, जहां 598 लोगों ने अपना इलाज कराया। इस दौरान उल्टी दस्त, सन बर्न, बुखार, पेट की समस्याओं से ग्रसित मरीज पहुंचे। इसके साथ ही नेत्र विभाग में भी 274 मरीजों का पंजीयन किया गया, जिसके चलते ओपीडी पूरी तरह से खचाखच रही। खास बात यह है कि जहां लगातार ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ रही है, वहीं सिम्स प्रबंधन उनके इलाज में मुस्तैदी दिखा रहा है, लेकिन जिस तरह से जांच हो रही है, उनकी रिपोर्ट मिलने में असुविधा का समाना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि पैथौलॉजी व रेडियो डायग्नोसिस विभाग की रिपोर्ट का इंतजार कई दिनों तक करना पड़ रहा है, जिससे मरीज परेशान हो रहे हैं।

* **बिलासपुर।** मस्तूरी ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र ओखर 1, हरदी 1, मानिकचौरी 1 एवं कोकड़ी 1 में सहायिका के 1-1 रिक्त पदों पर 4 मई से 18 मई तक वेबसाइट में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# 4 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार 34 लाख रुपए का गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो अलग अलग मामलों में रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा "ऑपरेशन नार्कोस" के अंतर्गत 4 अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों से आरपीएफ ने 34 लाख रुपए से अधिक मूल्य का गांजा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा "ऑपरेशन नार्कोस" के अंतर्गत मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।

मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, द.पू.म. रेलवे नागपुर दीप चंद्र आर्य के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राज्य पुलिस तथा अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर रेलगाड़ियों के माध्यम से प्रतिबंधित मादक पदार्थ, शराब एवं तंबाकू उत्पादों के अवैध परिवहन में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 8 मई को 2026 को आरपीएफ नागपुर मंडल की विशेष टीम द्वारा गाड़ी संख्या 12880 भुवनेश्वर–एलटीटी एक्सप्रेस के जनरल कोच में सालेकसा से गोंदिया के मध्य चेकिंग अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों रॉकी कुमार निवासी रामपुर ताराडीह थाना आमस, जिला गया (बिहार) एवं सनातन भोई निवासी टीआरएल क्वार्टर नंबर 72, टाइप-K, थाना बेलपहाड़, जिला झारसुगुड़ा (उड़ीसा) को दो ट्रॉली बैग में लगभग 16.374 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 8,18,700 रुपए है, का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

आवश्यक वैधानिक कार्रवाई उपरांत आरोपियों एवं जब्त संपत्ति को जीआरपी गोंदिया के सुपुर्द किया गया। जहां उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दूसरे मामले में 9 मई को 2026 को प्रभारी निरीक्षक गोंदिया के निर्देशन में मंडल टास्क टीम द्वारा गाड़ी संख्या 12843 पुरी–अहमदाबाद एक्सप्रेस में गोंदिया से नागपुर के मध्य विशेष जांच अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान कन्हान से नागपुर के मध्य एसी कोच ए-1 की बर्थ संख्या 40 पर यात्रा कर रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों के पास रखे दो पिट्ठू बैग एवं दो ट्रॉली बैग की जांच की गई। संदेह होने पर नागपुर स्टेशन पर जीआरपी के एनडीपीएस डॉग "सिकंदर" की सहायता से जांच की गई, जिसमें बैगों में गांजा होने की पुष्टि हुई।



### पकड़े गए आरोपी

पकड़े गए आरोपियों की पहचान श्रीहर्ष मोहंती, निवासी न्यू हरिधाम सोसायटी, थाना उधना, जिला सूरत (गुजरात) एवं सिपुन गौड़ा, निवासी रोडशाही बुरझरी, नूवागांव, जिला गंजम (उड़ीसा) के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से कुल 52.04 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 26,02,000 रुपए बरामद किया गया। साथ ही 2 आईफोन मोबाइल, 1 वन प्लस मोबाइल एवं अन्य सामग्री भी जब्त की गई। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण कर आरोपियों एवं जब्त सामग्री को जीआरपी इतवारी को सुपुर्द किया गया, जहां उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की गई।

# 5 करोड़ में जमीन का सौदा कर बिल्डर से 50 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के अंदर 5 करोड़ रुपए में जमीन का सौदा कर 50 लाख रुपए की ठगी करने वाले जमीन दलाल के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, क्रांतिनगर निवासी बिल्डर राजेश हर्जपाल की कुछ समय पूर्व भारतीयनगर निवासी जमीन दलाल प्रफुल्ल झा से मुलाकात हुई। उसने श्री हर्जपाल को बताया लिंक रोड में एक बुजुर्ग की जमीन है और वे नागपुर से बिलासपुर नहीं आ सकतीं। उन्होंने उक्त जमीन को बेचने का अधिकार उन्हें दिया है। दोनों के बीच 19 हजार रुपए प्रति वर्गफीट की दर से जमीन का सौदा 4 करोड़

- दलाल के खिलाफ जुर्म दर्ज

94 लाख रुपए में तय हुआ। श्री हर्जपाल ने उन्हें 50 लाख रुपए बयाना दे दिया। इसमें 20 लाख रुपए नकद व 30 लाख का चेक दिया गया था। उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री कराने को कहा तो प्रफुल्ल झा घुमाने लगा। श्री हर्जपाल ने जमीन के दस्तावेज का रिकार्ड खंगाला तो जमीन मालिक कृष्णा दुआ के नाम पर था और उन्होंने प्रफुल्ल झा को केवल देखरेख का अधिकार दिया था। पैसा वापस मांगने पर प्रफुल्ल ने चेक दिया, जो कि पर्याप्त राशि नहीं होने पर बाउंस हो गया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर प्रफुल्ल झा के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह ने बताया, फर्जी एग्रीमेंट कर जमीन का सौदा करने वाले प्रफुल्ल झा के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

## रिवर व्यू में महर्षि कश्यप ऋषि की मूर्ति स्थापित की जाएगी

**बिलासपुर।** कसौंधन एवं केशरवानी वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने नगर विधायक अमर अग्रवाल के निवास पर जाकर नगर में महर्षि कश्यप ऋषि की मूर्ति स्थापना करने किए गए प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया गया। पदाधिकारियों ने शाल श्रीफल एवं माला पहनकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने बताया की रिवर व्यू में महर्षि कश्यप ऋषि की मूर्ति की स्थापना अति शीघ्र नगर निगम बिलासपुर द्वारा किया जाएगा। यह नगर निगम के सामान्य सभा में पास कर दिया गया है। चौक के निर्माण के लिए श्री अग्रवाल ने अपने विधायक निधि से राशि देने की बात कही। इस अवसर पर शिव प्रताप साव, अशोक केशरवानी, सुधीर गुप्ता, हेमंत केशरवानी, आशीष गुप्ता, वैभव गुप्ता, विनोद गुप्ता, मणि शंकर, लक्ष्मी प्रसाद, ममता, रेनू, मनीषा, नीता, अनीता, रिचा, सीमा, रश्मि, रंजीता गुप्ता, रघुवीर, आदित्य, प्रत्यूष, महेंद्र गुप्ता, दिनेश केशरवानी आदि उपस्थित थे।



## एसआई के मकान से चोरी कर तीसरी मंजिल से लगाई छलांग

**बिलासपुर।** एसआई के सूने मकान से चोरी कर भाग रहे युवक ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी, पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, पुलिस लाइन क्वार्टर नम्बर 71 निवासी शिव आदित्य पिता दुलारसाय आदित्य आईजी आफिस में एसआई के पद पर पदस्थ हैं। 9 मई की सुबह 7 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ बलौदा बाजार कटगी चले गए थे। रात 1.30 बजे उन्हें पड़ोसी अर्चना चौहान ने फोन कर बताया कि उनके घर के दरवाजे के ताले को कोई तोड़ रहा है। उन्होंने तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। उसके बाद पेट्रोलिग पार्टी पुलिस क्वार्टर पहुंच गई। सायरल सुनकर चोरी करने वाले युवक ने घर से बाहर निकलकर तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी और भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने पीछा कर तिफरा विकास नगर निवासी रवि



बंजारे पिता मंगलू बंजारे 22 साल को पकड़ लिया। उसके पास से चोरी के पीतल की तीन मूर्ति व चिल्हर 500 रुपए बरामद किया गया है। पुलिस ने एसआई श्री आदित्य की रिपोर्ट पर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### च्वाइस सेंटर में चोरी

तोरवा पुलिस के अनुसार, लालखदान महमंद निवासी राजवीर सूर्यवंशी पिता राजकुमार सूर्यवंशी लालखदान में च्वाइस सेंटर चलाते हैं। 8 मई की रात वे दुकान बंद कर घर चले गए। 9 मई की सुबह दुकान खोले तो लैपटाप, मशीनरी टुल्स व 4 हजार रुपए नकद चोरी हो गया था।

## शिविर में शामिल हुए विधायक और महापौर

**बिलासपुर।** सुशासन तिहार 2026 के तहत अलग-अलग जोन क्षेत्रों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज जोन क्रमांक 7 के वार्ड 47, 48. 51, 52 के लिए राजकिशोर नगर स्थित हर श्रृंगार कॉलोनी सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला शामिल हुए। इस अवसर पर प्राप्त आवेदनों के अब तक किए गए निराकरण की जानकारी विधायक श्री शुक्ला ने लिया और शेष आवेदनों का भी शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। विधायक श्री शुक्ला ने कहा की सबकी भागीदारी से हम बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाएंगे, बात चाहे स्वच्छता की हो या विकास की सबकी भागीदारी जरूरी है। शिविर में पहुंची महापौर पूजा विधानी ने कहा की शहरी क्षेत्र में मूलभूत सुविधा और समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम हमेशा तत्पर रहती है। शिविर में निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने बताया कि शिविर में सभी विभागों से संबधित कुल 649 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 626 मांगों को लेकर है 23 शिकायतें हैं।

## कांग्रेस भवन में हुई प्रत्याशी चयन समिति की बैठक



**बिलासपुर।** नगर निगम के वार्ड नंबर 29 संजय नगर में पार्षद पद के उप चुनाव में प्रत्याशी चयन को लेकर उठापटक शुरू हो गई है।

सोमवार को कांग्रेस भवन प्रत्याशी चयन समिति की बैठक हुई, जिसमें ब्लॉक, मंडल व बूथ कमेटी से रायशुमारी करने का निर्णय लिया गया, वहीं मंगलवार को इच्छुक दावेदारों से आवेदन लिया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस के कमेटी के अनुमोदन से शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा ने पार्षद पद के प्रत्याशी चयन के लिए 11 सदस्यीय चयन समिति का गठन किया है। इस समिति में पूर्व शहर विधायक शैलेष पांडेय, पूर्व महापौर रामशरण यादव, विजय पांडेय, प्रमोद नायक, राजेश पांडेय, इंग्रिड मैक्लाउड, नरेन्द्र बोलर, रविन्द्र सिंह, भरत कश्यप, तजम्मुल हक शामिल हैं। इसमें से आज प्रमोद नायक बाहर होने के कारण कांग्रेस भवन की बैठक में नहीं आए थे बाकी सभी सदस्य एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा आज की बैठक में शामिल थे।






हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 12 मई 2026

पढ़ें पेज - 6







शहर के ट्रैफिक को आगामी 50 साल तक व्यवस्थित रखने के लक्ष्य के साथ यह ड्राइंग डिजाइन सेतु विभाग द्वारा बनाई गई है। इसमें दो बड़े चौराहे हैं। इनमें से एक नेहरू चौक और दूसरा महामाया चौक है। फ्लाईओवर यहीं से चारों दिशाओं में बनेंगे।

# 2 हजार करोड़ के रोड नेटवर्क से रफ्तार पकड़ेगी न्यायधानी

बिलासपुर अब धीरे-धीरे महानगर का रूप ले रहा है। ऐसे में शहर भीतर भी फ्लाइओवर और ओवर ब्रिज की जरूरत महसूस होने लगी है। भविष्य में इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने नए प्रोजेक्ट्स बनाए हैं। दरअसल शहर की सबसे बड़ी संख्या ट्रैफिक की है। 50 साल पुरानी सड़कों पर 10 गुना अधिक भार है। समस्या दूर करने के केवल फ्लाईओवर ही एकमात्र समाधान है। शहर में सड़कों की चौड़ाई आज भी उतनी ही है, पर गाड़ियां की संख्या लगातार बढ़ रही है। 15 साल पहले 2009 में जिले में सभी प्रकार के 19,00537 वाहन आरटीओ में पंजीकृत थे। अब 2026 में इनकी संख्या सवा दो करोड़ को पार कर गई है। इस तरह से 2करोड़ गाड़ियां अधिक चल रही हैं। इससे ट्रैफिक का दबाव 10 गुना बढ़ चुका है। यही वजह है कि ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा रही है। अब प्रशासन इसके लिए गंभीर है और महानगरों की तर्ज पर फ्लाईओवर बनाने की योजना है। अधिकारी के साथ एक्सपर्ट भी मानते हैं कि इस पर अमल हो तो अगले 50 साल ट्रैफिक की समस्या नहीं होगी।

## 3 अंडर पास , 4 आरओबी बनाए जाएंगे

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर



दावा है कि आने वाले पांच सालों में ट्रैफिक के लिहाज से बिलासपुर का पूरा स्वरूप बदलने जा रहा है। करीब 2 हजार करोड़ रुपए की लागत से आरओबी, अंडर पास और ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। इसके साथ ही शहर में विकास के लिए नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा मिल कर एक प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें मुख्य रूप से यातायात, पार्किंग, ड्रेनेज सिस्टम, अरपा नदी पर अतिरिक्त पुलों का निर्माण और सामुदायिक भवन शामिल हैं। योजना के मुताबिक महाराणा प्रताप चौक से व्यापार विहार सहित 3 अंडर पास , 4 आरओबी शामिल हैं। साथ ही उस्लापुर फ्लाई ओवर ब्रिज के बाजू से नया फ्लाई ओवर ब्रिज बनेगा तो कुदुदंड से तिलक नगर की ओर अंडर पास बनाया जाएगा। सकरी सड़कों को देखते हुए तीन नए फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। इनमें से एक रायपुर रोड से आकर राजीव गांधी चौक से होकर नेहरु चौक होते हुए महामाया चौक तक वाई शेप में जाएगा। इसमें एक बड़ा चौराहा नेहरू चौक में बनेगा तो दूसरा महामाया चौक में बनेगा। नेहरू चौक से मुंगेली रोड की ओर फ्लाईओवर जाएगा तो दूसरा महामाया चौक से एक छोर रतनपुर की ओर मुड़ जाएगा और दूसरा सीपत की ओर जाएगा। इस तरह से मुख्य मार्ग पर फ्लाईओवर बन जाने से यातायात का दबाव काफी कम हो जाएगा।

शहर के बीच भी यातायात का दबाव कम करने के लिए इमलीपारा से जगमल चौक तक नया फ्लाईओवर बनाने का प्रस्ताव अधिकारियों ने तैयार किया है। इसी तरह इमलीपारा, पुराना बस स्टैंड चौक पर यातायात का काफी दबाव रहता है। यातायात पुलिस हर तरह के उपाय कर चुकी है, मगर नतीजा नहीं निकल रहा है। इसका कारण यह है कि सड़कों का चौड़ा करने का विकल्प खत्म हो चुका है और वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा तारबाहार रेलवे क्रासिंग पर आरओबी का प्रस्ताव है। तारबाहार इलाके में अक्सर सुबह और शाम को जाम लग जाता है। इसके बनने से एक बड़ी समस्या का हल हो जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि तीनों फ्लाईओवर का मंजूरी दे दी जाएगी। अभी इन सभी प्रोजेक्ट के सर्वे का काम अंतिम चरणों में है। अगले पांच सालों में सभी प्रोजेक्ट पूरे करने का दावा किया जा रहा है। हालांकि जानकार मानते हैं कि बिलासपुर में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार काफी पहले हो जाना था, इसमें देर हो चुकी है। रायपुर रोड पर सबसे पहले एक ओवर ब्रिज बनाया गया था, यह तकनीकी रूप से गलत साबित हुआ। इसे सुधारने के लिए उसके समानांतर दूसरा ब्रिज बनाया गया है, जो राजीव गांधी चौक तक जाता है। इससे शहर की ओर आने वाले वाहन चालकों को काफी राहत मिली है।

## 32 किमी बाईपास सड़कें हाइवे से जुड़ेंगीं



शहरवासियों को हैवी वाहनों की आवाजाही से निजात दिलाने के लिए चारों दिशाओं में बाई पास रोड का निर्माण कराने के लिए बनाई गई योजना पर भी काम चल रहा है। इसमें 32 किमी बाईपास सड़कें हाइवे से जुड़ेंगीं, जिससे शहर में यातायात का दबाव काफी कम होगा। जो बाईपास रोड हाइवे से जोड़े जाएंगे, उसमें बहतराई से चौकसे इंजीनियरिंग कालेज के पास, सिलपहरी से बोदरी शामिल है। जिला प्रशासन के मुताबिक बाई पास से नेशनल हाइवे में जोड़ने सड़क निर्माण के लिए केंद्र से 500 करोड़ का प्रस्ताव स्वीकृत हो गया है। इस रिंग रोड परियजोना को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय से स्वीकृति भी मिल गई है। इसमें प्रस्तावित मार्ग बोदरी से सेंदरी तक बनेगा, जिससे हाईकोर्ट, एयरपोर्ट और औद्योगिक क्षेत्रों को सीधा संपर्क मिलेगा। इस परियोजना से शहर के भीतर भारी और रोजगार संभावनाओं को नई गति मिलेगी।

## औद्योगिक केंद्रों से जुड़ने के बाद बढ़ेगा बिजनेस



यह संपर्क रेखा हवाई पट्टी को कोरबा, कटघोरा और सीपत जैसे औद्योगिक केंद्रों से जोड़ेगी, जिससे प्रशासनिक और व्यावसायिक गतिविधियों को सुगमता मिलेगी। वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग 49 और 130 से गुजरने वाले भारी वाहन शहर के भीतरी हिस्सों पर अतिरिक्त दबाव डालते हैं। नई योजना के मुताबिक बाहरी मार्ग उपलब्ध होने से बाजार और आवासीय इलाकों में जाम की स्थिति में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। सिरगिट्टी और लालखदान जैसे औद्योगिक क्षेत्रों का एनएच-130 कॉरिडोर से जुड़ाव माल परिवहन को अधिक मजबूत बनाएगा। समय और ईंधन की बचत के साथ लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूती मिलेगी। चूंकि बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और एसईसीएल का प्रमुख केंद्र है, इसलिए ट्रांसपोर्ट नगर तथा वेयरहाउसिंग हब के सुव्यवस्थित विस्तार का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

## स्मार्ट सिटी ने 2023 में किया था ट्रैफिक अध्ययन



अधिकारियों के अनुसार राजीव गांधी चौक से महामाया चौक तक एलिवेटेड फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण कार्य से बहुत राहत मिलेगी। परियोजना का मुख्य उद्देश्य है कि राजीव गांधी चौक, नेहरू चौक, महामाया चौक, महात्मा गांधी मार्ग एवं पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन बढ़ते ट्रैफिक दबाव एवं लगातार लगने वाले जाम की समस्या को स्थायी समाधान देना। दरअसल स्मार्ट सिटी द्वारा 2023 में किए गए ट्रैफिक अध्ययन में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि राजीव गांधी चौक से होते हुए नेहरू चौक और महामाया चौक तक एक एलिवेटेड फ्लाईओवर की अत्यधिक आवश्यकता है, जिससे एनएच-130 और एनएच-111 से आने-जाने वाला भारी यातायात सीधे कोनी रोड, प्रताप टॉकीज मार्ग एवं सीपत रोड की ओर निर्बाध रूप से भेजा जा सके। यह एलिवेटेड संरचना शहर के मध्य स्थित इंदिरा सेतु ब्रिज के ऊपर से गुजरते हुए तीन दिशाओं में विभाजित होगी, जिससे शहर के मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक दबाव में स्पष्ट कमी आएगी। साथ ही प्रमुख चौराहों की जाम समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा, और स्मार्ट, सुगम और टिकाऊ यातायात प्रबंधन प्रणाली स्थापित हो सकेगी।

## उसलापुर पुल पर 800 मीटर का नया ओवरब्रिज प्रस्तावित

उसलापुर ओवर ब्रिज बगल में 800 मीटर नया ओवरब्रिज भी प्रस्तावित है। इसे मंजूरी मिलते ही मौके पर निर्माण शुरू किया जाएगा। प्रोजेक्ट की ड्राइंग डिजाइन भी विभाग फाइनल कर चुका है। उसलापुर का प्रस्तावित आरओबी के ठीक बगल में बनाया जाना है। इसकी लंबाई 800 मीटर होगी। इसकी लागत 62.50 करोड़ रुपए होगी। वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखते हुए इंजीनियरों ने प्रस्ताव तैयार किया है। दरअसल उसलापुर रेलवे क्रासिंग पर 2011 में आरओबी का निर्माण 8 करोड़ 24 लाख रुपए की लागत से हुआ था। यह ब्रिज उस वक्त की जरूरत के हिसाब से बनाया गया था। वर्तमान में इस ब्रिज पर दोगुने वाहनों भार है। ब्रिज से हैवी व लाइट सभी तरह की गाड़ियां एक साथ गुजरती हैं। बीते 13 साल में सड़कें भी टू लेन से सिक्स लेन में तब्दील हो गई



है, लेकिन आगे जाकर ब्रिज बॉटल नेक की तरह सकरी हो जाती है। इससे क्षेत्र में रोज शाम वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।

## बिलासपुर अब महानगर का रूप ले रहा



बिलासपुर अब धीरे-धीरे महानगर का रूप ले रहा है। ऐसे में शहर भीतर भी फ्लाइओवर और ओवर ब्रिज की जरूरत महसूस होने लगी है। भविष्य में इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने नए प्रोजेक्ट्स बनाए हैं। योजना के मुताबिक महाराणा प्रताप चौक से व्यापार विहार सहित 3 अंडर पास, 4 आरओबी शामिल हैं। साथ ही उस्लापुर फ्लाई ओवर ब्रिज के बाजू से नया फ्लाई ओवर ब्रिज बनेगा तो कुदुदंड से तिलक नगर की ओर अंडर पास बनाया जाएगा। एक बड़ा ओवरब्रिज राजीव गांधी चौक से होकर नेहरु चौक होते हुए महामाया चौक तक वाई शेप में जाएगा। इसमें एक बड़ा चौराहा नेहरू चौक में बनेगा तो दूसरा महामाया चौक में बनेगा।

- संजय अग्रवाल, कलेक्टर

## इस तरह से बनेंगे शहर में बड़े फ्लाईओवर और अंडर पास

- बिलासपुर के राजीव गांधी चौक से नेहरू चौक से महामाया चौक वाय आकार रतनपुर मार्ग तक फ्लाई ओव्हर ब्रिज का निर्माण।
- बिलासपुर– रतनपुर मार्ग में एन एच 130 एवं बिलासपुर कोनी रतनपुर मार्ग के सेंदरी जक्शन पर फ्लाई ओव्हर ब्रिज का निर्माण होगा। इसका सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है।
- बिलासपुर शहर में बिलासपुर से सीपत मार्ग में आर के पेट्रोल पंप चौक के पास व्हीक्यूलर अडंर पास का निर्माण होगा। इसका सर्वेक्षण कार्य जारी है।
- बिलासपुर के एफ.सी.आई. गोडाउन व्यापार विहार से सिरगिट्टी, महमंद बायपास मार्ग को जोड़ते हए तारबाहर फोर लेन रेलवे ओव्हर ब्रिज का निर्माण हेतु सर्वेक्षण का कार्य जारी है।
- पुराना बस स्टैण्ड चौक, इमलीपारा, सीएमडी चौक, टैगोर चौक एवं जगमल चौक तक फ्लाईओवर के निर्माण कार्य होगा। इसकी लंबाई 3.05 कि.मी. और चौडाई 8.40 मी होगी। अनुमानित लागत राशि रु. 11550.00 करोड़ रुपए है।
- बिलासपुर शहर में व्यापार विहार में महिमा काम्पलेक्स के पास व्हीक्यूलर अंडरपास का निर्माण होगा। इससे ट्रैफिक से बड़ी राहत मिलेगी। इसका सर्वेक्षण कार्य जारी है।
- बिलासपुर शहर में इंदिरा सेतु के पास तुलजा भवानी चौक पर व्हीक्यूलर अंडरपास का निर्माण होगा। इससे नेहरू चौक और इससे आगे इंदिरा सेतू पर लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिलेगी।
- बिलासपुर शहर में व्यापार विहार में एफ सी आई गोदाम के पास व्हीक्यलूर अंडरपास का निर्माण किया जाएगा। इसका सर्वेक्षण कार्य भी जारी है। जल्द काम शुरू होने की बात कही जा रही है।
- बिलासपुर के व्यापार विहार (महाराणा प्रताप चौक) के पास आवागमन हेतु दोहरे मार्ग वाले अंडरपास का निर्माण किया जाएगा। इससे सबसे व्यस्तम इस चौक पर ट्रैफिक का दबाव काफी कम होगा।
- बिलासपुर से मुंगेली मार्ग में कानन पेंडारी के पास व्हीक्यूलर अंडरपास का निर्माण भी किया जाएगा। इससे तखतपुर रोड, कोटा रोड जाने वाले लोगों को सुविधा होगी। इसका सर्वे कार्य जारी है।
- बिलासपुर के एफ.सी.आई. गोडाउन व्यापार विहार से सिरगिट्टी महमंद बायपास मार्ग को जोड़ते हए तारबाहर फोर लेन रेलवे ओव्हर ब्रिज का निर्मार्ण होगा।
- बिलासपुर के बिलासपुर कटनी रेल मार्ग के कि.मी. 726 में 1 से 2 पर रेलवे क्रासिंग उसलापुर के पास नवीन रेलवे ओव्हर ब्रिज का निर्माण।

# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
























## खबर संक्षेप

### नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत आरटीओ पहुंचे लाइसेंस नवीनीकरण के लिए



**बिलासपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत सोमवार को बिलासपुर के आरटीओ कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने अपने ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी की। उन्होंने कहा कि एक जागरूक नागरिक के रूप में नियमों का पालन करना और समय पर दस्तावेजों को अपडेट रखना, हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने आरटीओ कार्यालय में व्यवस्था एवं सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया। इस दौरान कांग्रेस नेता आशीष सिंह सहित अन्य समर्थक भी मौजूद थे।

### यादव महासभा ने किया पद्मश्री फूलबासन यादव का सम्मान



**बिलासपुर।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा पद्म श्री सम्मान प्राप्त फूलबासन यादव का उनके निज निवास राजनांदगांव पहुंचकर सम्मान किया गया। महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी यादव और जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव उनसे भेंट कर उनके कुशल क्षेम की जानकारी ली। उन्हें शासन प्रशासन की तरफ से मिल रहे सहयोग सुरक्षा के विषय में आश्वस्त कराया की महासभा के साथ पूरा यादव समाज उनके साथ है। प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव ने शासन प्रशासन से यह अनुरोध अपील किया है कि उन्हें उचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई कराने की मांग की।

### संविदा भर्ती की पात्रता सूची जारी दावा आपत्ति की अंतिम तिथि आज

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों नर्सिंग ऑफिसर-एनएचएम, नर्सिंग ऑफिसर-यूएएम, डेंटल असिस्टेंट-एनयूएचएम, अटेंडेंट-एनआरसी, क्लास 4-यूएएम, जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट-पीडीए एवं ब्लॉक डाटा मैनेजर-एनएचएम की पात्र-अपात्र सूची जारी की गई है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति निर्धारित प्रपत्र में 12 मई को शाम 5 बजे तक कार्यालय के आवक-जावक शाखा में जमा कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त दावा-आपत्ति आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सूची एवं दावा-आपत्ति का प्रारूप जिला बिलासपुर की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है।

### एक साल से वाटर कूलर बंद, लोग हो रहे परेशान

# बदहाल होता जा रहा कंपनी गार्डन वाटर कूलर खराब, फौव्वारा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के बीचोंबीच स्थित स्वामी विवेकानंद उद्यान कंपनी गार्डन इन दिनों बदहाल होता जा रहा है। स्मार्ट सिटी और सौंदर्यीकरण के बड़े-बड़े दावों के बीच इस उद्यान में मूलभूत सुविधाओं का अकाल है। पिछले एक साल से इस उद्यान का वाटर कूलर खराब है वहीं ओपन जिम की मशीनें जंग खा रही हैं। फौव्वारे भी बंद हो गए हैं।

कंपनी गार्डन के नाम से प्रसिद्ध विवेकानंद उद्यान शहर के प्रमुख उद्यानों में से एक है। यहां हर रोज सुबह शाम बड़ी संख्या में लोग घूमने, योग करने और एक्सरसाइज करने जाते हैं। सुबह से उद्यान में लोगों की भीड़ लगी रहती है। शहर के बीच में स्थित होने के कारण यह आशा की जाती है कि उद्यान की देखरेख ठीक से की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिले, परन्तु ऐसा हो नहीं पा रहा है। निगम का ध्यान इस उद्यान की ओर नहीं है। गार्डन के मुख्य द्वार के पास लगा वॉटर कूलर महीनों से खराब है। यहां सुबह टहलने आने वाले बुजुर्गों, कसरत करने आने वाले युवाओं और शाम को बच्चों के साथ आने वाले परिवारों को एक घूंट ठंडा पानी तक नसीब नहीं हो रहा है। लोगों को घर से पानी की बोतल लेकर आना पड़ता है या फिर बाहर की दुकानों से पानी खरीदना पड़ता है। नियमित आने वाले नागरिकों का कहना है कि एक साल होने को है लेकिन अभी वॉटर कूलर चालू नहीं हो सका है।





#### ओपन जिम की मशीनें जंग खा रहीं

उद्यान में युवाओं के लिए ओपन जिम बनाया गया है, देखरेख के अभाव में ओपन जिम की मशीनें जंग खा चुकी हैं, कई मशीनें टूट भी गई हैं, ऐसे में अब सेहत बनाने वालों के चोटिल होने खतरा बढ़ गया है। इसी तरह उद्यान में लगाया गया एक फव्वारा भी कई महीने से बंद है। आमजन का कहना है कि मेंटनेंस के नाम पर दीवारों की पुताई बस दिखती है, मशीने खराब और जाम पड़ी है। कसरत करने वाले युवाओं को ओपन जिम की खराब हालत से नाराजगी है।

#### एस्टीमेट भेजा गया

नगर निगम के उद्यान प्रभारी श्रीकांत नायर ने बताया कि वॉटर कूलर उनके आने के पहले से खराब है, बारिश और आंधी के कारण सभी कर्मचारी इन दिनों अन्य जगहों पर व्यस्त है। गार्डन के मेंटनेंस के लिए 50 लाख रुपए का एस्टीमेट भेजा गया है, जिसमें पाथ, ओपन जिम और जल निकासी के लिए भी कार्य होना है।

### नितिन कुमार मिश्रा की स्मृति में शव वाहन भेंट




**बिलासपुर।** मुंगेली रोड व्यापारी महासंघ को आज स्वर्गीय नितिन कुमार मिश्रा की पुण्य स्मृति में दादा दुर्गा प्रसाद मिश्रा एवं पिता अश्वनी कुमार मिश्रा द्वारा 10 लाख रुपए मूल्य का शव वाहन भेंट किया गया। दीपिका में फोरमैन पद सेवानिवृत्त हुए अश्वनी कुमार मिश्रा के सुपुत्र नितिन कुमार मिश्रा का अल्प आयु में निधन हो गया था। पुत्र की स्मृति को सार्थक बनाने के लिए परिवार ने यह शव वाहन महासंघ को समर्पित किया। कार्यक्रम में मुंगेली रोड व्यापारी महासंघ के संरक्षक अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष कृपाल सिंह भोगल, सचिव राकेश दुआ, अजीत सिंह भोगल, अनिल गुप्ता, गोपाल अग्रवाल, निरंजन भोजवानी, सोनू भोजवानी, शरद गुप्ता, राजेश गुप्ता, श्रीराम यादव, नवनीत जायसवाल, यशवंत गुप्ता, पप्पू भाई जान, मनीष अग्रवाल, राजकिशोर केसरवानी, रॉकी साहू, चंद्रप्रकाश मिश्रा, धर्मेश शर्मा, शरद बाजपेई, शेखर पांडे, जगदीश अग्रवाल, नीरज सिंह ठाकुर, प्रदीप कोटा, अतुल दुबे, बबलू राजपूत सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे। इस पुनीत कार्य के लिए दादा दुर्गा प्रसाद मिश्रा एवं पिता अश्वनी कुमार मिश्रा को सम्मानित किया गया।

### बंगाली समाज ने रविंद्र नाथ ठाकुर की मनाई जयंती



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बंगाली समाज द्वारा कवि गुरु रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती धूमधाम से बांग्ला भवन तोरवा में मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण कर रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अतिथियों ने रविंद्र नाथ टैगोर के योगदान को याद किया। इस अवसर पर जी घोष, अचिंत कुमार बॉस ने भी उदबोधन दिया। गीत संगीत भी की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पल्लव धर, प्रदेश सलाहकार अचिंत कुमार बॉस, प्रदेश महासचिव पार्थो चक्रवर्ती, डॉ अनूप विश्वास, डॉक्टर अनूप, महासचिव नारायण चंद्रदेव, पूर्ति धार, कल्पना दे, उपाध्यक्ष अरुंधति मुखर्जी, प्रोनोति बारिक, सचिव राखी गुहा, रूपा रहा, अल्पना मजूमदार, आरती शर्मा, दीक्षिता शर्मा, जूलिका अधिकारी, उज्जवल अधिकारी, मिता मालिक, मनीष साहू, सब मालिक, संजय चटर्जी, सीनू राव आदि मौजूद थे।

# पीएम की अपील का सराफा एसोसिएशन ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 साल तक सोना ना खरीदने की अपील का छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष कमल सोनी ने स्वागत करते हुए इसे व्यापारियों और राष्ट्रहित के बीच एक मजबूत कड़ी बताया है। श्री सोनी ने कहा कि सराफा व्यापारियों को इस अपील से घबराने की आवश्यकता नहीं है। 2 वर्षों से वैश्विक स्तर पर युद्ध और अनिश्चितता के कारण सोने में अत्यधिक तेजी आई है, जिससे सिर्फ बुलियन गोल्ड का लेनदेन हो रहा है, ऐसे निवेश में पहले से ही दो वर्षों में सर्राफा व्यापारी घाटे और व्यापार की कमी से जूझ रहे हैं।



आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील हमारे लिए संजीवनी साबित होने जा रही है। आने वाले दिनों में व्यापार में बढ़ोतरी आएगी। यह समय सराफा बाजार को 'सर्विस सेक्टर' के रूप में विकसित करने का है। इस पहल से देश की मुद्रा को मजबूती मिलेगी, सोने का आयात कम होने से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बचेगा। जब हमारा रुपया मजबूत होगा, तो व्यापार के अन्य क्षेत्रों में लागत कम होगी, जिसका सीधा लाभ छोटे और मध्यम व्यापारियों को मिलेगा। यह व्यापारियों का देश के प्रति सबसे बड़ा योगदान होगा। श्री सोनी ने बताया कि तिजोरियों में बंद सोना अर्थव्यवस्था को गति नहीं देता। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि जनता का पैसा बाजार के सर्कुलेशन में आए। जब पैसा बैंकों और उद्योगों में लगेगा, तो देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन पहले भी आम लोगों से अपील कर चुका है की ब्रांडेड और कॉर्पोरेट घराना के भ्रामक प्रचार के आकर्षण में आकर उनसे लेनदेन ना करें, उनसे खरीदारी करने पर बहुत से भारतीय रुपए विदेश में जाते हैं जिसकी वजह से भी हमारा देश की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है। श्री सोनी ने कहा कि पिछले 2 वर्षों से हुई वैश्विक उथल पुथल से सराफा बाजार में भी कारोबार की कमी आई है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपील के बाद निश्चित हम आने वाले दिनों इस संकट से बाहर आएंगे परंतु

पिछले 2 वर्षों की उठा पटक को देखते हुए ये आवश्यक हो जाता है कि देश के जिन राज्यों में स्वर्ण कला बोर्ड का गठन नहीं किया गया है वहां जल्द ही गठन किया जाय जिससे मध्यम और निम्न स्तर के कारीगर और वायपारियो को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन भी छत्तीसगढ़ राज्य में पिछले दो वर्षों से स्वर्ण शिल्प कला बोर्ड गठन की मांग कर रहा हैं।

### नाम निर्देशन के पहले दिन नहीं हुई फार्म की बोहनी

**बिलासपुर।** नगर निगम उप चुनाव तहत अधिसूचना जारी होने के साथ ही सोमवार को नाम निर्देशन प्रक्रिया चालू हो गई है। निगम के वार्ड नंबर 29 संजयनगर में पार्षद पद के लिए कलेक्टोरेट में नामांकन दाखिल होगा, जिसकी तैयारी पूरी हो गई है। पहले दिन पार्षद पद के लिए नामांकन फार्म की बोहनी नहीं हुई है और किसी ने भी फार्म नहीं लिया है। नगर निगम उप चुनाव के लिए कलेक्टोरेट के प्रोटोकाल शाखा वाले कक्ष क्रमांक 25 में नाम निर्देशन प्रक्रिया की व्यवस्था बनाई गई है और एडीशन कलेक्टर डॉ. ज्योति पटेल को रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। पार्षद पद के लिए नामांकन फार्म भी इसी कक्ष से मिलेगा और आज पहले दिन कोई भी उम्मीदवार नामांकन फार्म लेने नहीं पहुंचा। नगरीय निकाय उप चुनाव अंतर्गत नामांकन फार्म लेने और दाखिल करने का सिलसिला 18 मई तक चलेगा और 19 मई को नामांकन फार्म की स्क्रूटनी होगी तथा 21 मई को नाम वापसी की तिथि रहेगी।


























हरिभूमि
25 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी के चुनाव में
ऐतिहासिक विजय की बधाई एवं शुभकामनाएं।
मान. डॉ. धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर
डॉ माधवी वस्त्रकार
अध्यक्ष ज.पं. तखतपुर
सौरभ पाण्डेय
भाजपा नेता
सुरज मिश्रा
विधायक प्रतिनिधि
अनिल पप्पु शर्मा
भाजपा नेता
राकेश तिवारी
उपाध्यक्ष ज.पं. तखतपुर
श्याम सिंह ध्रुव
जिलाध्यक्ष अ.ज.जा. मोर्चा
तुलसी कौशिक
मंडल महामंत्री सकरी
परमेश्वर पटेल
सभापति ज.पं. तखतपुर
अरुण सिंह चौहान
सभापति ज.पं. तखतपुर
रिषभ कश्यप
सदस्य ज.पं. तखतपुर
राजा मिश्रा
पूर्व उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ज.पं.तखतपुर
अमर गुप्ता
जिला कार्य समिति सदस्य भा.ज.यु.मो.
राजेश देवांगन
जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा
राहूल श्रीवास
मंडल उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा
राजकमल कश्यप
जिला महामंत्री युवा मोर्चा
बलराम पटेल
मंडल महामंत्री गनियारी
गोलु दुबे
मंडल उपाध्यक्ष सकरी
श्रीमती राधा अविनाश वर्मा
सरपंच ग्राम पंचायत खजुरी
श्रीमती अंजूला पाण्डेय
सरपंच ग्राम पंचायत सागर
सावित्री बिंझवार
सरपंच ग्राम पंचायत विंध्यासर
अलखराम निर्मलकर
सरपंच ग्राम पंचायत लाखासार
संजय टंडन
सरपंच ग्राम पंचायत कुरेली
मनोज तिवारी
सरपंच ग्राम पंचायत खजुरी नवागॉंव
संतोष कौशिक गुरुजी
जिला उपाध्यक्ष भाजपा
यशवंत दुबे
अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति
अभिनव उपाध्याय
जिला मंत्री युवा मोर्चा
ब्रम्हानंद मिश्रा
भाजपा युवा नेता
विजय भौमिक
मंडल महामंत्री अ.जा. मोर्चा
संजय भार्गव
भाजपा नेता
प्रकाश पाल
अध्यक्ष शाला विकास समिति
प्रवीण तिवारी
जिला कार्य समिति सदस्य भा.ज.यु.मो.
आनंद अवस्थी
मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा
पंकज कौशिक
सांसद प्रतिनिधि
बसंत रजक
युवा नेता
विशु साहू
युवा नेता
प्रशांत गुप्ता
उप कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा
श्रीधर तिवारी
युवा नेता
शानू दुबे
मंडल मंत्री युवा मोर्चा
शिवम सोनकर
जिला सह प्रभारी
सोशल मिडिया युवा मोर्चा
दौलत रजक
मंडल कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा
जितेन्द्र सुर्यवंशी
जिला सह संयोजक सोशल मिडिया बिलासपुर
विशाल विक्की सिंह जी
जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा
राज कमल साहू
जिला मंत्री किसान मोर्चा
मनीष तिवारी
अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति
सतीश सोनकर
जिला महामंत्री अ.जा. मोर्चा
संकलनकर्ता राकेश तिवारी हरिभूमि प्रतिनिधि सकरी मो. 9300327303, 8889059244

# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई...




















































मान.डॉ. धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर
बलराम पटेल
सरपंच लोखण्डी
परमेश्वर पटेल
सभापति ज.प.तखतपुर
बसंत गढेवाल
उपसरपंच लोखण्डी
डॉ. प्रीतम पटेल
अध्यक्ष शा. विकास समिति लोखण्डी
रामेश्वर निर्मलकर
अध्यक्ष रजक समाज


संतोष कौशिक गुरू जी
जिला उपाध्यक्ष भाजपा
विशाल विक्की सिंह
जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा
डॉ माधवी वस्त्रकार
अध्यक्ष ज.पं. तखतपुर
राकेश तिवारी
उपाध्यक्ष ज.पं. तखतपुर
मनीष तिवारी
अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति
रवि मेहर
मंडल अध्यक्ष सकरी
अरुण सिंह चौहान
सभापति ज.पं. तखतपुर
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25वीं वर्षगाठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मान. धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर
जितेन्द्र गोलू दुबे
मंडल उपाध्यक्ष सकरी
नितेश राजा मिश्रा
पूर्व उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ज.प. तखतपुर
अनिल पप्पू शर्मा
भाजपा नेता
अमर गुप्ता
जिला कार्य समिति सदस्य भा.ज.यु.मो.
तुलसी कौशिक
मंडल महामंत्री सकरी
लक्ष्मीकांत मोना दुबे
भाजपा नेता
श्रीधर लल्ली तिवारी
भाजपा नेता
विजय भौमिक
मंडल महामंत्री अ.जा. मोर्चा
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की
25वीं वर्षगाठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राकेश तिवारी हरिभूमि प्रतिनिधि सकरी
मो. 9300327303, 8889059244


हरिभूमि
निष्पक्ष राष्ट्रीय हिन्दी
दैनिक हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की
25 वी वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती वर्षा सिंह
अध्यक्ष जनपद पंचायत लोरमी
विक्रम सिंह
वरिष्ठ भाजपा नेता
विश्वास दुबे
सभापति नगर पालिका लोरमी
नरेन्द्र खत्री
युवा भाजपा नेता लोरमी


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की
25 वी वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री मुकेश मरावी
चेयरमेन
सिद्धीविनायक महाविद्यालय, लोरमी


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की
25 वी वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री एस.एल. गेंदले
एस.डी.ओ.
एवं समस्त उपयंत्री कर्मचारीगण
जल संसाधन संभाग, लोरमी


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की
25 वी वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अभिनव कुमार
वनमंडलाधिकारी
दशांश सूर्यवंशी
उप वनमंडलाधिकारी
निरुद्ध कश्यप
वन परिक्षेत्र अधिकारी खुड़िया
रूद्र सिंह राठौर उप वन परिक्षेत्र अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
सौजन्य : समस्त वन प्रबंधन समिति वन परिक्षेत्र खुड़िया


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की
25 वी वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गौकरण चतुर्वेदी
शाखा प्रबंधक-जिला सहकारी केंद्रीय बैंक
डिडौरी एवं समस्त स्टाफ


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की
25 वी वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री गिरधारी यादव
प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक
बोड़तराकलॉ एवं समस्त स्टाफ


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
की 25 वी वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
रणवीर आनंद
चेयरमेन
ममतामयी मिनीमाता
महाविद्यालय लोरमी


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की
25 वी वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री संतोष कौशिक
प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक
लोरमी एवं समस्त स्टाफ


हरिभूमि
निष्पक्ष राष्ट्रीय हिन्दी
दैनिक हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की
25 वी वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती वर्षा सिंह
अध्यक्ष
जनपद पंचायत लोरमी
सुजीत वर्मा
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद लोरमी
अनिल सलूजा
नवीन सलूजा
अमन सलूजा
संकलनकर्ता
कृष सोनी
हरिभूमि प्रतिनिधि
लोरमी
सौजन्य: गुरुनानक ज्वेलर्स, थाना के सामने, लोरमी


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ. जी.एस. दाऊ
बीएमओ
समस्त स्टाफ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोरमी


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
की 25 वी वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कार्यपालन अभियंता
एस.डी.ओ.
एवं समस्त स्टाफ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुंगेली, लोरमी


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
की 25 वी वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुनील कुमार लहरे
डॉयरेक्टर, नेहा पब्लिक स्कूल लोरमी
एवं महाविद्यालय छीतापार


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
की 25 वी वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती मायारानी सिंह
योगेन्द्र सिंह ठाकुर (छोटे राजा)
डॉ. राहुल सिंह ठाकुर


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
की 25 वी वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
वेयर हाउस लोरमी


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मिंटू छाबड़ा
अध्यक्ष
राजेन्द्र साहू
सदस्य
मुकेश कश्यप
सचिव
जीवन साहू
उपाध्यक्ष
विनीत: मेडिकल टीम लोरमी


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रवीण शुक्ला
एस.डी.ओ.
समस्त उपयंत्री एवं स्टाफ लोक निर्माण विभाग लोरमी


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
की 25 वी वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती वर्षा सिंह
अध्यक्ष-जनपद पंचायत लोरमी
श्री सुरेश कंवर
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत लोरमी


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
Silver Jubilee Year
मान. श्री अरूण साव जी
विधायक लोरमी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
सौजन्यः- समस्त भाजपा कार्यकर्ता लोरमी


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की
25वीं वर्षगांठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राकेश तिवारी
हरिभूमि प्रतिनिधि सकरी
मो. 9300327303
8889059244


संतोष दुबे
प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी
समिति घुरू सैदा
रामबहोरन दुबे
संस्था प्रबंधक सेवा सहकारी समिति घुरू सैदा


प्रदीप पटेल
अभिनव तिवारी


मान. तोखन साहू जी
केन्द्रीय राज्य मंत्री
मान. धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर
संतोष कौशिक गुरूजी
जिला उपाध्यक्ष भाजपा
विशाल विक्की सिंह जी
जि.उपा.किसान मोर्चा
राकेश तिवारी जी
उपाध्यक्ष ज.प.तखतपुर
हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
दिनेश सिंह राजपूत जी
दिलीप कोरी जी
प्रशांत गुप्ता जी
अमर गुप्ता जी
राज कमल साहू
जिला मंत्री किसान मोर्चा


मान. धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर
संतोष कौशिक गुरूजी
जिला उपाध्यक्ष भाजपा
विशाल विक्की सिंह जी
जि.उपा.किसान मोर्चा
राकेश तिवारी जी
उपाध्यक्ष ज.प.तखतपुर
राजेश टंडन जी
पूर्व पार्षद उस्लापुर
श्रीमती किरण राजेन्द्र टंडन
पार्षद वार्ड क्र. 3 सांई नगर उस्लापुर


मान. धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर
स्व. श्री नरेन्द्र कोशले
जन्म 10.05.1971
मृत्यु 18.12.2024
कुसुम महाबली कोशले
पार्षद वार्ड क्र. 04
प्रभारि सदस्य नगर निगम बिलासपुर
महाबली कोशले
पार्षद प्रतिनिधि


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ऋषि सिंह
!! भारत माता की जय !! वंदे मातरतम !!


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि
25 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल वस्त्रकार
राजेश कौशिक
सरपंच प्रतिनिधि संबलपुरी

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 12 मई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




रवींद्र जन्मोत्सव पर नववर्ष उज्जापन समिति का आयोजन

## कोलकाता के कलाकारों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**एसईसीएल बिलासपुर के सौजन्य से नववर्ष उज्जापन समिति ने रवींद्र भवन वसंत विहार में सांस्कृतिक संध्या आयोजित की। इसमें कोलकाता के संकल्प नृतायण संस्था के कलाकारों ने सुबीतास मुखर्जी के नेतृत्व में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरुदेव रबीन्द्रनाथ के जन्म वार्षिकी पर आयोजित इस संध्या अनुष्ठान में अध्यक्ष शुभांशु शेखर घोष ने एसईसीएल के प्रबंधन समिति को धन्यवाद दिया। इसके बाद गोपाल सामंत, तपन घोष, एमएन चटर्जी, बीसी गोलदार, देवाशीष, नमिता घोष, सिद्धार्थ भट्टाचार्य, अजय गांगुली, प्रबीर सेन ने गुरुदेव की प्रतिकृति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। विशिष्ट अतिथियों का स्वागत उज्जापन समिति के मुख्य उपदेशक भक्तिमय चौधरी, अध्यक्ष शुभांशु शेखर घोष, सचिव कुमार राय चौधरी, उपाध्यक्ष सोमनाथ मोदक, सहसचिव सुष्मिता माजी, सांस्कृतिक सचिव कुंतल सिन्हा, कार्यकारी सदस्य देवाशीष मजूमदार, कोषाध्यक्ष मलय देवनाथ ने किया। कोलकाता के संकल्प नृत्यायन के संचालक सुविकास मुखर्जी ने गुरुदेव रवींद्रनाथ की अमर कृति नृत्य नाटिका चंडालिका का मंचन किया और बताया कि रवींद्रनाथ ने समाज के भेदभाव और छुआछूत को समाप्त करने के उद्देश्य से इस नृत्य नाटिका की रचना की थी जो आज भी समाज को इस संकल्प का स्मरण कराता है।



### नाटिका मंचन ने किया मंत्रमुग्ध

कोलकाता के कथा वितान के कलाकार अर्नब, रत्ना बिस्वास द्वारा मंचित श्रुति नाटिका, जो गुरुदेव की प्रेरणा रही, ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। रवींद्र संगीत का निर्देशन पौषाली नाग तथा पत्राली चौधरी ने किया। तबले पर संदीप चटर्जी ने संगति दी।



## युवा कलाकारों को अभिनय, स्वर अभिव्यक्ति और मंचीय कौशल का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अग्रज नाट्य दल द्वारा आयोजित 45 दिवसीय अभिनय एवं रंगमंच प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतर्गत प्रतिभागियों को स्वर अभ्यास एवं नाट्य संगीत का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में प्रतिदिन कलाकारों को मंचीय अभिनय की बारीकियों के साथ आवाज, संवाद और संगीत के विभिन्न आयामों से परिचित कराया जा रहा है।

इस क्रम में चंपा भट्टाचार्य द्वारा प्रतिभागियों को स्वर अभ्यास करवाया जा रहा है। उन्होंने कलाकारों को बताया कि रंगमंच में स्वर का विशेष महत्व होता है, क्योंकि कलाकार की आवाज ही उसकी अभिव्यक्ति का सबसे प्रभावी माध्यम होती है। स्पष्ट उच्चारण, सही लय, आवाज का उतार-चढ़ाव और संवादों की प्रभावशाली प्रस्तुति किसी भी नाटक को जीवंत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि नियमित स्वर अभ्यास से कलाकारों की आवाज में मजबूती, स्पष्टता और आत्मविश्वास आता है। इसके माध्यम से कलाकार मंच पर अपने भावों को अधिक प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर पाते हैं। इसी उद्देश्य से आगामी 45 दिनों तक प्रतिदिन स्वर अभ्यास कराया जा रहा है,ताकि प्रतिभागियों की वाणी,संवाद शैली और मंचीय प्रस्तुति में निरंतर निखार आ सके। वहीं मोहम्मद रफीक द्वारा प्रतिभागियों को नाट्य संगीत का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



प्रशिक्षण के दौरान कलाकारों को नाटकों में संगीत के प्रयोग, ताल-लय की समझ, मंचीय गीतों की प्रस्तुति तथा भावों के अनुरूप गायन की विधियों से अवगत कराया जा रहा है। विभिन्न गीतों का अभ्यास भी करवाया जा रहा है,जिससे प्रतिभागी अभिनय के साथ-साथ संगीत के क्षेत्र में भी दक्ष बन सकें। कार्यशाला का उद्देश्य युवा कलाकारों के व्यक्तित्व, अभिनय क्षमता, स्वर अभिव्यक्ति और मंचीय कौशल का समग्र विकास करना है, ताकि वे भविष्य में बेहतर रंगकर्मी के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर सकें।

## एक शाम मनीष दा के गीतों के नाम

**बिलासपुर।** काव्यभारती कला एवं संगीत मंडल द्वारा प्रार्थना सभा भवन में विख्यात रंगकर्मी मनीष दत्त की 86 वीं जयंती पर भव्य आयोजन किया गया। अटल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आचार्य एडीएन बाजपेयी ने बताया की स्व मनीष दत्त का कलाजगत में किया योगदान अतुलनीय है,उन्होंने कहा कि किसी शहर की पहचान उसकी कला-संस्कृति से होती है। उन्होंने कहा मनीष दत्त ऐसी ही विभूति थे जिनके नाम से कला जगत विश्रुत विख्यात रहा है। डॉ सुप्रिया,डॉ रत्ना मिश्रा को उनकी समर्पण साधना के किये गये कार्य की सराहना करते शिष्य संस्था के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बाजपेयी के व्यक्तित्व की जमकर प्रसन्नता व्यक्त की। डॉ विजय सिन्हा ने कहा कि काव्य भारती के प्रमुख स्तंभ मनीष दत्त की स्मृति में यह कार्यक्रम उस पुराने गौरव को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण संयोजन सिद्ध हुआ है। काव्य भारती के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बाजपेयी ने बताया विगत 54 वर्षों से काव्य भारती द्वारा कला,संगीत,अभिनय,नृत्य के क्षेत्र में यह आयोजन प्रत्येक वर्ष संस्था द्वारा किया जाता है। संस्था के संरक्षक डॉ विनय पाठक ने कहा ढाई हजार कविताओं को संगीतबद्ध करना मनीष दत्त की साधना के उत्कर्ष को स्पर्श करता है। डॉ पाठक ने कहा कि कवियों की संवेदना को स्वर लिपि के आधार पर संगीतात्मक प्रस्तुति ही काव्य भारती को महत्वपूर्ण बनती है। संरक्षक सतीश जायसवाल,डॉ मंत राम यादव,डॉ अजय पाठक,भारती भट्टाचार्य,अजिता मिश्रा ने कहा इस परम्परा को चन्द्र प्रकाश एवं बाजपेयी परिवार ने निरंतर बनाये रखा है। ये हम सबके लिये प्रेरणा दायक है हमारा सहयोग काव्य भारती के लिये सदैव बना रहेगा। महादेवी, पंत, विद्यापति, तुलसी सूरदास, मीरा, नवीन, जयदेव, निराला, बच्चन सरल, नीरज डॉ अजय पाठक आदि कवियों की रचनाओं का गायन नृत्य अभिनय के साथ काव्य भारती के कलाकारों द्वारा किया गया।




प्रस्तुतियाँ एवं स्मृतियों से सजा काव्य भारती का कार्यक्रम



## कवियों ने गीत, कुंडलियां की दी प्रस्तुति

**बिलासपुर।** छंदशाला की मासिक काव्यगोष्ठी का आयोजन छंदशाला की संयोजिका डॉ सुनीता मिश्रा के निवास नर्मदा नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अवधेश अग्रवाल 'भारत' विशिष्ट अतिथि हूपसिंह और अध्यक्षता दिनेश्वर जाधव ने किया। इस काव्य गोष्ठी की खास बात यह रही कि गोष्ठी पूर्णतः मातृ दिवस पर आधारित थी जिसमें छंदशाला के कवियों ने एक से बढ़कर एक गीत, कुंडलियां,दोहा की प्रस्तुति दी और जीवन में मातृशक्ति के अवदान को रेखांकित किया। कवयित्रियों ने तो मां के उपर जो कविता पढ़ी उसने तो हृदय तल को छूकर आंखों को भीगने पर मजबूर दिया। कवयित्री डॉ सुनीता मिश्रा ने छोटी छोटी हर बातों में मां याद तुम्हारी आती है,गाकर उपस्थित कवि समुदाय के अंतस तक पैठ बनाई तो सरोज सिंह ठाकुर ने जिन नजरों से देखती थी। मैया जिस आंचल से पोंछती थी,आंसू मैया वो आंचल कहां से लाऊं गाकर, पूर्णिमा तिवारी ने माँ तेरी प्रतिलिपि हूँ मैं, पल पल खिली हूँ मैं गाकर जीवन देने के लिए मां को आभारित किया तो दुसरी तरफ कवयित्री सुषमा पाठक ने कुंडलियां छंद में मोदी जी ने कर दिया अबकी बार कमाल,अवधेश भारत ने बंगाल के चुनाव में गाकर वर्तमान राजनीति पर ध्यान केंद्रित कराया।

कार्यक्रम का सफल संचालन छंदशाला की सचिव सुषमा पाठक ने और आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने किया।




मातृ दिवस पर केंद्रित रही छंदशाला की काव्य गोष्ठी

## दोस्ती हमारी सबसे बड़ी पूंजी

**बिलासपुर।** शासकीय बहुउद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से वर्ष 1975-76 में हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों ने स्वर्ण जयंती स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया।

आधी सदी बाद जब 1976 बैच के पूर्व छात्र अपने पुराने स्कूल परिसर पहुंचे, तो लगा मानो एक बार फिर बचपन की यादें, पुराने किस्से और दोस्ती के दिन जीवंत हो उठे हो। किसी ने अपने पुराने बेंच को तलाशा, तो कोई दोस्तों के साथ बिताए शरारती दिनों को याद कर ठहाके लगाते रहे। खाकी पेंट और आसमानी नीली शर्ट की पुरानी यूनिफॉर्म में पहुंचे पूर्व छात्रों ने नई पीढ़ी को एक बड़ा संदेश दिया। दोस्ती हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, इस रिश्ते को सहेजकर रखें। आज के दौर में इसकी सबसे ज्यादा जरुरत है क्योंकि जिंदगी की असली कमाई दोस्ती, संस्कार और अपने लोग ही होते हैं। वहीं 50 साल बाद आयोजित इस समारोह ने न सिर्फ पुराने दिनों को ताजा किया, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा, रिश्तों और जीवन मूल्यों को भी नई पीढ़ी के सामने जीवंत कर दिया। अंत में गुरुओं का सम्मान, दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर आरपी मंडल, नवनीत वर्मा, राजेश गोवर्धन, हेमंत पहारे, शैलेन्द्र शुक्ला, आलोक राय, प्रलय कांति बसु, अनिल ललित, श्रीनिवास अग्रवाल बेंगलुरु, दीपक लाडीकर, बलबीर चावला, मंजीत अरोरा, रविंद्र जैन, विष्णु उपाध्याय सहित अनेक पूर्व छात्र मौजूद रहे।



मल्टीपरपस स्कूल में स्वर्ण जयंती स्नेह मिलन समारोह

### अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस आज



अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स में पूर्व संध्या पर हास्पिटल में आकर्षक रंगोली बनाई गई। मंगलवार को सिम्स में नर्स दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### कार्यक्रम

## शोभा टाह फाउंडेशन व अद्वैत फार्म्स ने किया मातृ शक्तियों का सम्मान



**बिलासपुर।** शोभा टाह फाउंडेशन एवं अद्वैत फार्म्स के संयुक्त तत्वावधान में एक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें हरिहर ऑक्सीजोन वृक्षारोपण परिक्षेत्र के प्रति समर्पित मातृ शक्तियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल टाह, डॉ विनोद तिवारी, डॉ रश्मि बुधिया, आल्पना पांडेय, मदन मोहन गुल्ला, डॉ सचिन पांडेय, निर्मल घोष रहे। मुख्य तिथि श्री टाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां केवल एक शब्द नहीं बल्कि पूरे जीवन की सबसे बड़ी भावना है। कहते हैं कि भगवान हर जगह नहीं पहुंच सकते हैं, इसलिए उन्होंने मां को बनाया है। मां का प्यार निःस्वार्थ होता है जो हमें जीवन की हर कठिनाईयों से लड़ने की शक्ति देता है। डॉ तिवारी, डॉ बुधिया ने भी मातृ शक्तियों को शुभकामनाएं दी। अंत में शोभा टाह फाउंडेशन ने विशेष उपहार एवं अद्वेत फॉर्म ने फलों का थैला प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन भुवन वर्मा व डॉ शंकर यादव ने संयुक्त रूप से किया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में रेखा गुल्ला, अन्नू पांडेय, शेफाली घोष, कल्पना गुप्ता, संतोषी वर्मा, किरण साहू, विद्या दुबे, मोना केंवट, संध्या सारथी, प्रीति चौहान, ज्योति पटेल, योगिता वर्मा, दीपांजलि दुबे, आरती रजक, सीमा कुंभज, संध्या रात्रे, पूजा पटेल, नमिता यादव, प्रियदर्शनी साहू, प्रीति महिलांगे, नेहा कश्यप, चमेली शामिल रहीं।

### आयोजन

## शिविर में जनजातीय बालिकाओं का नेत्र परीक्षण में उठाया लाभ



**बिलासपुर।** वनवासी विकास समिति द्वारा जनजातीय बालिकाओं के लिए आवासीय अभ्यास वर्ग का आयोजन वनमाला भवन करबला रोड में किया गया है। इसमें सोमवार को बालिकाओं का नेत्र परीक्षण डॉ सुधा सिंह एवं उनकी टीम की सुधाराज कुशवाहा, धर्मेंद्र, अनिल, दिव्या, महिमा एवं तमन्ना ने किया। परीक्षण के दौरान डॉ सुधा सिंह ने बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया तथा नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। नेत्र परीक्षण कार्यक्रम में नागेश काले, श्री बिठालकर, दिव्या सिंह, रेखा गुल्ला, पार्वती साहू, आरती अनंत, उज्जवला, स्वाती दानखड़े एवं छाया जैन का सहयोग रहा।

### समारोह

## मराठा समाज के दूसरी बार अध्यक्ष बने शशांक, 24 को शपथग्रहण



**बिलासपुर।** जिला मराठा समाज का निर्वाचन 3 मई को कुदूदंड स्थित आई तुलजा भवानी मंदिर परिसर में हुआ। जहाँ बिलासपुर शहर के अलावा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों चिचिरदा, सीपत, नारगोड़ा, रतनपुर,बिल्हा, सेमरताल,पेंडरवा, भाड़ी, ओखर, सागर से भी मराठा समाज के सदस्य अपना मतदान करने पहुंचे। छह पदों के लिए निर्वाचन हुआ, जहाँ अध्यक्ष पद के शशांक चौहान ने अपने प्रतिद्वंदी काशी गाढ़े को 260 मतों से हराकर विजयी प्राप्त कर दूसरी बार अध्यक्ष बने। उपाध्यक्ष पद में राजू राव मराठा ने आशीष कापसे को पराजित किया। सचिव पद के लिए जीवन राव भोसले ने हर्षवर्धन भोसले को पराजित किया। कोषाध्यक्ष पद के लिए भगवन्त शिंदे ने विक्रम बाकरे को पराजित किया, कार्यकारिणी सदस्य में प्रभाकर भोसले ने प्रभात भोसले को हराकर जीत दर्ज की। वही सनम पवार ने सर्जय भोसले को हराकर अपनी जीत दर्ज की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राघवेंद्र भोसले एवं सहायक अधिकारियो ने निर्वाचन सम्पन्न कराया। जिसमे माँ भवानी पैनल के सभी प्रत्याशियों ने जी दर्ज की। मराठा समाज के निर्वाचन में पहली बार एसा हुआ की किसी एक पैनल के पुरे प्रत्याशियों ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। जिनका शपथ ग्रहण 24 मई को आई तुलजा भवानी मंदिर परिसर में होगा।

### धर्म-क्षेत्र

## शांत रहने अच्छे कार्य, ईश्वर भक्ति में लगाएं मन



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग हुआ। जिसके मुख्य यजमान प्रमोद गुप्ता सपरिवार रहे। यज्ञ के बाद श्रद्धा पटेल ने एक भजन-धीरे-धीरे मोड़ तू इस मन को..पेश किया। विधि बत्रा ने कहा कि मन को शांत रखने अच्छे कार्यों एवं ईश्वर भक्ति में मन को लगाए रखना चाहिए। आज का विषय मन अशांत क्यों होता है? मन को स्थिर कैसे किया जाए, इस विषय पर चर्चा की गई। दुख भंजन, योगेश ने भी अपने विचार रखे। अंत में मुख्य वक्ता आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि मन को स्थिर और शांत करने पहले मन को समझना होगा जैसे कोई भी कार्य को करने से पहले उस कार्य को समझना जरूरी है, तभी उसको अच्छे से कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि मन एक जड़ वस्तु है। मन अपने आप कोई क्रिया नहीं कर सकता है। जैसे मोटरसाइकिल, कार को चलाने ड्राइवर की आवश्यकता होती है। वैसे ही मन को जीवात्मा संचालित करता है। जीवात्मा के पास अंतः करण है और उस अंतःकरण में मन, बुद्धि, चित, अहंकार आदि साधन होते हैं। उन साधनों में से मन एक साधन है। जिससे जीवात्मा संकल्प, विकल्प करता है।

### कार्नर न्यूज

अटल विश्वविद्यालय में तकनीक दिवस पर 200 छात्रों ने लिया भाग

## तकनीकी कुशलता का उपयोग समाज और राष्ट्रहित में करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग द्वारा राष्ट्रीय तकनीक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभाग द्वारा तकनीकी प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता और विशेषज्ञ व्याख्यानों जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,जिसमें लगभग 200 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर अपनी तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर नवीन तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, तकनीकी नवाचारों को प्रोत्साहित करना और उनमें वैज्ञानिक सोच विकसित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एलपी पटैरिया थे, छात्रों द्वारा एजेंटिक एआई, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, स्मार्ट ऑटोमेशन तथा समाजोपयोगी तकनीकी समाधानों से संबंधित विभिन्न प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। छात्रों के नवाचार एवं तकनीकी समझ को देखकर अतिथियों ने उनकी सराहना की। कुलपति ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्रों द्वारा तैयार किए गए एजेंटिक एआई, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और साइबर सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रोजेक्ट्स की सराहना की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय तकनीक का युग है और इसके बिना किसी भी क्षेत्र में प्रगति की कल्पना नहीं की जा सकती। विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी तकनीकी कुशलता का उपयोग समाज और राष्ट्रहित में करें।




## शिविका पांडेय बनी राज्य स्तरीय स्केटिंग चैंपियन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय रोलर स्पोर्ट्स रैंकिंग चैंपियनशिप कृष्णा पब्लिक स्कूल के स्केटिंग ग्राउंड में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में शिविका पांडेय जो की बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल की छठवीं क्लास की छात्रा है। रॉयल स्केटिंग क्लब में स्केटिंग करती है, इनके द्वारा 10 से 12 आयु वर्ग के ट्वॉय इनलाइन स्केट की 200 मीटर रेस में गोल्ड मेडल तथा 400 मीटर रेस में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया गया। 400 मीटर रेस में रेस करते समय अत्यधिक चोटिल होने के बाद भी उन्होंने तृतीय स्थान पर रहते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसी अवस्था में 10 मई को 200 मीटर में रेस में गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने आयु वर्ग की चैंपियन बनी। शिविका स्वर्ण प्राशित है, तथा इनकी माता डॉ श्वेता पांडेय आयुर्वेद चिकित्साधिकारी है। उनके पिता डॉ विद्या भूषण पांडेय, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में बालरोग विभाग के विभागाध्यक्ष पद पर कार्यरत है।





# विजय के जन्मदिन पर रिलीज होगी जन नायकन

**मुंबई।** तमिल सुपरस्टार और तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय की मच अवेटेड फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज का इंतजार कर रहे फैन्स के लिए बड़ी खबर है। हाल ही में चेन्नई में मीडिया से बातचीत के दौरान फिल्म के निर्माता वेंकट के नारायण ने बताया कि 'जन नायकन' अगले 14 दिनों के भीतर रिलीज हो सकती है। उन्होंने कहा कि फिल्म की सीबीएफसी सर्टिफिकेशन प्रक्रिया अंतिम चरण में है और बोर्ड के साथ लगातार बातचीत जारी है। इसी वजह से फिल्म की रिलीज में देरी हो रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म मेकर्स विजय के जन्मदिन पर 22 जून को 'जन नायकन' को रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं। पिछले कुछ महीनों से यह फिल्म कई कारणों से चर्चा में बनी हुई थी।

लाइफ Style

# आलिया

## कान फिल्म फेस्टिवल के लिए हुईं रवाना

एजेंसी ⏭ मुंबई

कान फिल्म फेस्टिवल में इस बार कई भारतीय सितारों की मौजूदगी देखने को मिलने की उम्मीद है। इनमें आलिया भट्ट और ऐश्वर्या राय बच्चन से लेकर तारा सुतारिया समेत कई अन्य भारतीय सितारे भी शामिल हो सकते हैं। इस बीच आलिया भट्ट कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना भी हो गई हैं।

आलिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोमवार तड़के आलिया भट्ट को मुंबई हवाई अड्डे पर स्पॉट किया गया। इसके बाद से ही ये कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना हो गई हैं। इस दौरान आलिया कैजुअल लुक में नजर आईं। उन्होंने सफेद टैंक टॉप के ऊपर काले रंग का कोट पहना था, जिसे उन्होंने डेनिम जींस और बूट्स के साथ पेयर किया था। इस बीच कान से ऑनलाइन सामने आ रहे वीडियो में आलिया की तस्वीरों वाले बड़े बैनर फेस्टिवल से पहले बिल्डिंग्स पर लगाए जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। खबरों के मुताबिक, अभिनेत्री ईवा लोंगोरिया, जेन फोंडा और वियोला डेविस सहित कई इंटरनेशनल सेलेब्स के साथ शामिल होंगी। कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए आलिया ने इस अनुभव को बेहद खास बताया। एक बयान में एक्ट्रेस ने कहा कि पिछले साल का अनुभव शानदार था। मैं इस साल एक और भी बड़े इवेंट के लिए वापस आकर वाकई में उत्साहित हूं। महिलाओं के महत्व और सशक्तिकरण का मजबूती से समर्थन किया जाता है। 12 से 23 मई तक फ्रांस में होने वाले इस कान फिल्म फेस्टिवल में सिनेमा जगत से भारत समेत कई इंटरनेशनल फिल्मी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है।



हॉलीवुड मसाला



# तुम हमारी ताकत हो मेरी जान

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के हसबैंड निक जोनस ने मदर्स डे के खास मौके पर कुछ प्यारी झलकियां शेयर की हैं। उन्होंने इस खास मौके पर वाइफ के लिए एक पर्सनल इमोशंस शेयर किया है। उन्होंने प्रियंका और उनकी बेटी मालती मैरी की कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए काफी खूबसूरत कैप्शन लिखा है। निक ने लिखा है, 'तुम हमारी ताकत हो। मेरी जान, मदर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं। हम आपसे बहुत प्यार करते हैं।' इस पोस्ट पर प्रियंका ने खुद रिएक्ट भी किया है।



# डेजर्ट वॉरियर बनी अब तक की सबसे बड़ी फ्लॉप

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर के कई देश ज्यादा लागत वाली बेहतरीन फिल्में बना रहे हैं। जहां भारत में वाराणसी और रामायण जैसी बड़े बजट की फिल्में बन रही हैं। वहीं, चीन ने भी अपनी पहली अरब-डॉलर की ब्लॉकबस्टर फिल्म, 'ने जा 2' बनाई है। इसी तरह से सऊदी अरब ने भी बड़े बजट की फिल्म बनाई। इसमें हॉलीवुड के भी सितारे शामिल थे। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई। यह इतिहास की सबसे बड़ी बॉक्स-ऑफिस फ्लॉप बन गई। नवंबर 2021 में, सऊदी की प्रोडक्शन कंपनी, एमबीसी स्टूडियो ने 'डेजर्ट वॉरियर' नाम की एक फिल्म का एलान किया। इस फिल्म का मकसद सऊदी फिल्म इंडस्ट्री में नई जान डालना था। इसको कई प्रोडक्शन हाउस ने मिलकर बनाया। इसका निर्देशन रूपर्ट वायट ने किया।



# लंबे कद की वजह से छिनी कई फिल्में

**मुंबई।** 1997 में आई फिल्म विरासत से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अभिनेत्री पूजा बत्रा ने मॉडलिंग से अपनी शुरुआत की थी। पूजा बत्रा कई हिंदी फिल्मों का हिस्सा रहीं। हालांकि, सफल डेब्यू के बावजूद उनका कॅरियर ज्यादा लंबा नहीं रह सका। हाल ही में पूजा बत्रा ने बताया कि उनकी लंबी हाइट के चलते भी उन्हें कई फिल्मों से हाथ धोना पड़ा। क्योंकि, अधिकांश एक्टर्स की हाइट उनसे कम थी, लेकिन उनमें ईगो इतना था कि वो हीरोइन को खुद से लंबा नहीं दिखने देना चाहते थे। इसलिए वो हीरोइनों को खुद से छोटा दिखाना चाहते थे। पूजा बत्रा ने अपने शुरुआती दौर में संगीता बिजलानी की एक सलाह को याद किया। उन्होंने कहा कि मुझे याद है संगीता बिजलानी ने मुझसे कहा था, 'फिल्मों में तुम्हारा कोई चांस नहीं है, क्योंकि तुम बहुत लंबी हो'।



# डीडीएलजे को खास तरीके से किया याद...

**मुंबई।** अभिनेता अनुपम खेर ने 30 साल पुराने अपनी फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' को एक खास तरीके से याद किया है। अनुपम फिल्म से जुड़े उस मशहूर रेलवे ट्रैक पर पहुंचे, जहां फिल्म का शाहरुख खान और काजोल पर फिल्माया गया सबसे लोकप्रिय सीन शूट हुआ था। इस दौरान अनुपम ने डीडीएलजे की पुरानी यादों को ताजा किया। साथ ही उन्होंने सरकार से ऐसे स्थानों को पर्यटन स्थल घोषित करने की भी अपील की। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, इसमें वो एक रेलवे प्लेटफॉर्म पर नजर आ रहे हैं। वीडियो में अनुपम बताते हैं कि ये वो ही रेलवे ट्रैक है जहां पर शाहरुख खान और काजोल की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर और कल्ट फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का यादगार सीन शूट हुआ था।

टीवी मसाला




# किसी को अपना कंपटीशन नहीं मानती : रुबीना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 15वें सीजन की जबरदस्त चर्चा हो रही है। आज ही शो का लॉन्च हुआ है, जिसमें कई नए और पुराने कलाकार एक साथ नजर आने वाले है। इस बार भी शो को रोहित शेट्टी ही होस्ट करेंगे, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इसी बीच रुबीना दिलैक का एक बयान चर्चा में आ गया हैं, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में रुबीना ने अपने बयान से ये साबित कर दिया है कि वो एक स्ट्रॉन्ग प्लेयर है। वीडियो में हर्ष गुजराल जब रुबीना से सवाल पूछते हैं कि यहां सबसे ज्यादा कंपटीटिव हैं इस गेम में, उसका क्या रीजन है? तो रुबीना बहुत ही सिंपल तरीके से जवाब देती हैं, 'मैं किसी को अपना कंपटीशन नहीं मानती हूं।' तब हर्ष गुजराल मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'फिर ऐसा करो, आप अकेले ही अफ्रीका चली जाओ।' तब रुबीना बोलती हैं, 'आप देखोगे कि मैं अकेले ही स्टंट्स करूंगी, क्योंकि मैं खुद का कंपटीशन हूं। मैं रुबीना 2.0 हूं, क्योंकि मां बनने के बाद क्या कुछ चेंज होता है, वो शायद आप में से कोई नहीं जान सकता है।' बता दें कि 'खतरों के खिलाड़ी' के 12वें सीजन में रुबीना दिलैक ने भाग लिया था. साथ ही अपनी मजबूत परफॉर्मेंस से टॉप 5 में जगह बनाई थीं। इसके बाद दोबारा उनकी वापसी ने फैंस को खुश कर दिया हैं और उनका ये अंदाज भी बहुत पसंद किया जा रहा है। इस बार शो में रुबीना दिलैक, जैस्मिन भसीन, हर्ष गुजराल, फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, करण वाही, ऋत्विक धनजानी, विशाल आदित्य सिंह, शगुन शर्मा, ओरी और अविका गौर हिस्सा ले रहे है।

## कपिल शर्मा शो पर 'साजिश' का दावा

**नई दिल्ली।** खुद का 'कॉमेडी का लाल' बताने वाले सुनील पाल भी कमाल हैं। वह हफ्ते भर में अपनी ही बात से पलट गए हैं। हाल ही 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के स्पेशल एपिसोड में नजर आने के बाद सोशल मीडिया पर सुनील पाल चर्चा में आए। 2 मई को स्ट्रीम हुए एपिसोड में समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया शामिल थे। 'लेटेंट विवाद' के बाद सुनील पाल और समय रैना पहली बार आमने सामने थे। कई लोगों को लगा था कि एपिसोड में सुनील पाल को जान-बूझकर निशाना बनाया गया। लेकिन, तब सुनील पाल ने कहा था कि 'उन्हें कुछ बुरा नहीं लगा।' लेकिन अब एक नए पॉडकास्ट में वह बिफर गए हैं। उन्होंने सीधे-सीधे कपिल शर्मा पर 'समय रैना के लिए फेवरटिज्म' का आरोप लगाया। यही नहीं, 51 साल के सुनील ने अर्चना पूरन सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू को भी बुरा-भला कहा है और 'साजिश' रचने का दावा किया।



# अनन्या और लक्ष्य की चांद मेरा दिल का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की आगामी रोमांटिक फिल्म 'चांद मेरा दिल'का ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर में दोनों के बीच जबरदस्त रोमांस देखने को मिल रहा है। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में रोमांस, इमोशन और भरपूर ड्रामा देखने को मिलने वाला है। ट्रेलर से फिल्म की स्टोरी के बारे में भी काफी कुछ हिंट मिलती है। 2 मिनट 54 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत अनन्या और लक्ष्य के एक रोमांटिक सीन से होती है। लेकिन अचानक दोनों के बीच झगड़ा हो जाता है। ट्रेलर में कुछ भी नया या अलग देखने को नहीं मिलता है। वो ही पहले प्यार, फिर रोमांस, फिर झगड़ा और ड्रामा और अंत में संभवतः हैप्पी एंडिंग। ट्रेलर में स्टोरी के बारे में काफी कुछ पता चलता है। इससे इतना स्पष्ट होता है कि यह एक नॉर्मल लव स्टोरी है, जैसी कई फिल्मों में पहले भी देखने को मिल चुकी है। इस ट्रेलर में फिल्म की बाकी कास्ट में कोई खास चेहरा नजर नहीं आता है। पूरे ट्रेलर में अनन्या और लक्ष्य ही नजर आते हैं। अनन्या का किरदार काफी हद तक 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' जैसा मालूम पड़ता है। उनकी एक्टिंग में भी कोई बदलाव या नयापन नजर नहीं आता। हां, लक्ष्य पहली बार इस तरह के फुल प्लेस रोमांटिक हीरो के किरदार में नजर आएंगे। लेकिन ट्रेलर के गुस्से वाले और चिल्लाने वाले सीन में वो उतने प्रभावी नहीं लगते हैं।



# 'अंखियों के झरोखों से' गाना लिखने वाले गीतकार बचपन से थे दृष्टिहीन, खुद नहीं देखी दुनिया...

**नई दिल्ली।** अंखियों के झरोखों से... क्या आप सोच सकते हैं कि दिल की गहराई में उतरने वाला यह गाना जिस शख्स ने लिखा है, उसने खुद कभी दुनिया नहीं देखी? भारतीय संगीत जगत में अगर किसी ऐसे व्यक्ति का नाम पूछा जाए जिसने अपनी शारीरिक कमजोरी को ही अपनी ताकत बना लिया तो वह रवींद्र जैन हैं। जन्म से दृष्टिहीन होने के बावजूद, उन्होंने बॉलीवुड को ऐसे गाने दिए जो आज भी जगमगा रहे हैं। रवींद्र जैन को लोग दादू कहकर बुलाते थे।



### 4 साल की उम्र से सीख रहे संगीत

रवींद्र जैन का जन्म 1944 में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में हुआ था। उनके पिता संस्कृत के विद्वान और आयुर्वेदाचार्य थे। रवींद्र जैन जन्म से ही देख नहीं सकते थे। हालांकि, बचपन से ही रुचि संगीत में थी। उनके पिता को लगा कि रवींद्र को किसी कमी का अहसास न हो इसलिए 4 साल की उम्र में ही उनके लिए घर पर संगीत की शिक्षा की व्यवस्था कर दी। उन्होंने अलीगढ़ के ब्लाइंड स्कूल से पढ़ाई की। वह मंदिरों में भजन भी गाते थे। रवींद्र संगीत सीखते रहे फिर आगे चलकर उन्होंने कोलकाता जाकर आगे की शिक्षा ली। रवींद्र जैन को लगा कि संगीत ही उनकी जिंदगी है। उन्होंने रेडियो स्टेशंस पर ऑडिशन दिए, लेकिन उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया।

### ऐसे हुई फिल्मों में एंट्री

रवींद्र जैन के कोलकाता वाले गुरु एक फिल्म बनाना चाहते थे। इसमें संगीत देने के लिए 1969 में वह रविंद्र जैन को अपने साथ मुंबई ले गए। इस मूवी का नाम लोरी था। 1972 में रवींद्र जैन को सौदागर फिल्म से पहचान मिली। 1975 में गोरी तेरा गांव बड़ा प्यार लोगों को खूब पसंद आया। 1978 में आई फिल्म अंखियों के झरोखों से के टाइटल सॉन्ग को रवींद्र ने ना सिर्फ लिखा बल्कि म्यूजिक भी दिया था।

**रवींद्र जैन के कुछ फेमस गाने**

- अंखियों के झरोखों से
- गोरी तेरा गांव बड़ा प्यारा
- जब दीप जले आना
- श्याम तेरी बंसी
- गीत गाता चल
- हुस्न पहाड़ों का
- सुन साहिबा सुन
- एक राधा एक मीरा
- सजना है मुझे सजना के लिए
- कौन दिशा में लेके
- जोगी जी धीरे-धीरे
- मुझे हक है (विवाह)

## धुरंधर-2 से कर्तव्य तक, मिलेगा एंटरटेनमेंट का डबल डोज

# इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इन दिनों गजब हो रहा है। गर्मियां बढ़ती जा रही हैं। वीकएंड पर लोग घर पर सुकून से रहना पसंद कर रहे हैं। मगर, मनोरंजन में कोई कमी न बीते हफ्ते रही और न इस वीक रहेगी। ओटीटी पर जबर्दस्त सीरीज और फिल्में जो रिलीज हो रही हैं। इस वीक भी एक्शन और थ्रिलर से भरपूर कई ऑप्शन उपलब्ध हैं।*



**धुरंधर द रिवेंज** : महीनेभर से ज्यादा समय तक सिनेमाघरों में धमाल करने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' आखिर ओटीटी पर आने को तैयार है। आदित्य धर निर्देशित रणवीर सिंह, सारा अर्जुन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर माधवन अभिनीत इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। ऐसा करने वाली यह पहली बॉलीवुड फिल्म है। दर्शक 15 मई से इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**कर्तव्य** : यह क्राइम ड्रामा फिल्म है। इसे पुलकित ने निर्देशित किया है। वहीं, शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में सैफ अली खान, रसिका दुग्गल, संजय मिश्रा और मनीष चौधरी जैसे सितारे हैं। सैफ अली खान फिल्म में पुलिस ऑफिसर के रूप में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**द क्रैश** : यह एक क्राइम आधारित डॉक्यूमेंट्री है। द क्रैश 2022 की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें ओहियो की 17 साल की किशोरी मैकेंजी शिरिला ने जान-बूझकर 100 मील प्रति घंटे की रफ्तार से अपनी कार एक ईंटों वाली इमारत से टकरा दी थी। इस घटना में उसके बॉयफ्रेंड डोमिनिक रूसो और उसके दोस्त डेवियन फ्लैनगन, दोनों की मौत हो गई थी। उसे 12 गंभीर अपराधों का दोषी ठहराया गया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। 'द क्रैश' 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**मार्टी, लाइफ इज शॉर्ट** : कॉमेडियन मार्टिन शॉर्ट पर बनी यह आगामी डॉक्यूमेंट्री, थिएटर और कॉमेडी की दुनिया में उनके शानदार और मशहूर कॅरियर को दिखाती है। यह कॉमेडी में उनके 50 साल के सफर के उतार-चढ़ाव और उनकी विरासत को दिखाती है। इस फिल्म में उनके कॅरियर के दुर्लभ फुटेज और उनके करीबी दोस्तों और सह-कलाकारों के साथ की गई खास बातचीत शामिल है। इस डॉक्यूमेंट्री को दर्शक 12 मई से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। बता दें कि मार्टिन शॉर्ट एक कनाडाई हास्य कलाकार, अभिनेता और लेखक हैं।

**एग्जाम** : यह एक तमिल ड्रामा सीरीज है। इसे नेशनल अवॉर्ड विजेता ए. सर्कुनम ने लिखा है और इसके निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। यह शो एक प्रतियोगी परीक्षा के दबाव भरे माहौल में एक तनावपूर्ण और भावनात्मक सफर पर आधारित है। 'एग्जाम' सीरीज 15 मई से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

**इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2** : रणदीप हुड्डा, उर्वशी रौतेला, अमित सियाल, शालिन भनोट, राहुल मित्रा, जाकिर हुसैन, आयशा एस. ऐमन, जोहेब फारूकी जैसे कलाकारों से सजी 'इंस्पेक्टर अविनाश' का दूसरा सीजन भी इस वीक ओटीटी पर दस्तक देगा। यह सीरीज यूपी पुलिस के अफसर अविनाश मिश्रा की कहानी है, जो एसटीएफ के प्रमुख हैं और गैंगस्टरों को अपना निशाना बनाते हैं। यह सीरीज 15 मई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन** : बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन, मनी हाइस्ट का आठ-एपिसोड का स्पिन-ऑफ है। स्पेन के सेविले में सेट यह बर्लिन (पेड्रो अलोंसो) और उसकी टीम की कहानी है, जो बदले की भावना से प्रेरित एक और बड़ी चोरी को अंजाम देने के लिए वापस लौटते हैं। इसे दर्शक 15 मई से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25 वीं वर्षगांठ पर

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं






























# बिजली समस्या दूर करने जिला उद्योग संघ ने विद्युत वितरण कंपनी के अफसरों से की चर्चा

**बिलासपुर।** जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष सतीश शाह और महासचिव शरद सक्सेना के नेतृत्व में 50 से अधिक उद्योगपतियों के प्रतिनिधि मंडल ने 11 मई को छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कम्पनी के मुख्य अभियंता कार्यालय में मुख्य अभियंता अलोक अम्बस्ट एवं सभी औ. प्रेक्षेत्र के इंचार्ज अधिकारियों की उपस्थित में विद्युत सप्लाई में आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की गई।

इसमें जिला उद्योग संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि दिनभर में 8-10 बार या ज्यादा बार ट्रिपिंग से सतत प्रक्रिया उत्पादन वाले उद्योगों को कभी कभी दिनभर में एक लाख से ज्यादा का नुकसान होता है। वहीं बिना पूर्व सूचना के अचानक विद्युत प्रदाय बंद होने की समस्या आए दिन बनी रहती है। इसके अलावा डीओ गिरना, फ्यूज कंप्लेंट अटेंड करने में देरी – उद्योगों में विद्युत अवरोध हो जाना। सिलपहरी के बड़े उद्योगों में अघोषित विद्युत कटौती होने काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तिफरा में पोल की ऊंचाई कम है बड़े ट्रक आने जाने से दिक्कत होती है इसे दूर करने पोल की ऊंचाई बढ़ान की मांग की गई। उपरोक्त सभी समस्याओ के बारे में चर्चा की गई। सेक्टर सी सिरगिट्टी के सबस्टेशन को ट्रांसपोर्ट नगर से अलग करने, सिलपहरी औद्योगिक प्रेक्षेत्र को ग्रामीण क्षेत्र से अलग करने की मांग की गई। सभी अधिकारियों ने जल्द से जल्द निराकरण कर सूचित करने का आश्वासन दिया। क्रियान्वन के लिए सभी औ. प्रेक्षेत्र में जैसे सिरगिट्टी सेक्टर बी एवं सेक्टर सी में 13 मई को अवलोकन का रिपोर्ट तैयार किया जाएगा। तिफरा एवं सेक्टर ए में 14 मई को अवलोकन रिपोर्ट तैयार किया जाएगा। सिलपहरी में 15 मई को अवलोकन रिपोर्ट तैयार कर मुख्य अभियंता को दिया जाएगा। तत्काल बाद समस्याओं के निराकरण के लिए कार्य आरम्भ किया जाएगा। इसके साथ ही यह भी तय किया गया है की प्रत्येक माह अलग अलग औ.प्र. में मानिटरिंग मीटिंग कर समस्यायों के निराकरण के लिए प्रयास किया जाएगा। बैठक में विद्युत विभाग, मुख्य अभियंता अलोक अम्बस्ट, एसई सुरेश जांगड़े, पी.एस.राजू, डीई अनुपम सरकार, एई दीपतेन मुखर्जी, श्री पाटकर एई, जेई अब्दुल अजीम, अंकित गुप्ता, उद्योग संघ के अध्यक्ष सतीश शाह, महासचिव शरद सक्सेना, जीतेन्द्र गाँधी पूर्व अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष सुनील मारदा, नवनीत अग्रवाल, संतोष सिंघानिया, जीवट रोहरा, मुकेश पमनानी सहित अन्य लोग मौजूद थे।




## हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




























